(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)

हिन्दी दैनिक

बुद्ध का संदेश

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

सूरज बडजात्या की फिल्म...8

सोमवार, 06 सितंबर 2021 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 08 अंकः 261 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

लोकतंत्र में आजादी, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता महत्वपूर्ण, अच्छी पुलिसिंग जरूरी: अमित शाह

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि लोकतंत्र में नागरिकों की आजादी और अभिव्यक्ति की आजादी सबसे महत्वपूर्ण है, जो सीधे तौर पर अच्छी पुलिसिंग से जुड़ी है तथा इसमें लगातार सुधार करते रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पुलिस व्यवस्था में सबसे निचले स्तर पर तैनात 'बीट कांस्टेबल' का लोकतंत्र को सफल बनाने और आम आदमी की सुरक्षा में "सबसे बड़ा योगदान" है। शाह ने पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (बीपीआरडी) के 51वें स्थापना दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा अगर कानून–व्यवस्था अच्छी नहीं हो तो लोकतंत्र सफल नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, "लोकतंत्र हमारा स्वाभाव है३यह स्वतंत्रता से पहले भी हमारा चरित्र था और आजादी मिलने के बाद भी हमने इसे स्वीकार किया। यह हमारे लोगों का स्वभाव है। लोकतंत्र में सबसे बड़ी चीज व्यक्ति की स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की आजादी है। यह सीधे तौर पर कानून–व्यवस्था से जुड़ी है।" मैं मानता हूँ कि लोकतंत्र में सबसे बड़ा योगदान बीट कांस्टेबल का है जो नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। शाह ने कहा, "लोकतंत्र केवल पार्टियों को वोट देने और सरकार बनाने के बारे में नहीं है३यह व्यवस्था का सिर्फ एक हिस्सा है। लोकतंत्र की सफलता या फल क्या है? फल यह है कि देश के 130 करोड़ लोग अपनी क्षमताओं और बुद्धि के मुताबिक अपना विकास करते हैं और देश इस विकास के संचयी प्रभाव से लाभान्वित होता है।"

उन्होंने जोर दिया कि अगर देश की कानून–व्यवस्था अच्छी नहीं होगी तो लोकतंत्र समृद्ध नहीं होगा। गृह मंत्री ने कहा, "यह काम पुलिस और हमारी सीमाओं की रक्षा करने वाले बलों द्वारा किया जाता है। एक सफल लोकतंत्र के लिये यह बहुत महत्वपूर्ण है कि किसी व्यक्ति की सुरक्षा सुनिश्चित हो। नागरिक को अपने कानूनी अधिकार निर्बाध रूप से मिलते रहें। एक नागरिक को सक्षम होना चाहिए कि वह संविधान की भावना के अनुसार अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे।" उन्होंने कहा कि इसलिए बीपीआरडी का काम पुलिस बल का उन्नयन व सुधार करना है। शाह ने कहा कि कई बार कुछ वर्गों द्वारा पुलिस की छवि को धूमिल किया जाता है। उन्होंने कहा, "मुझे नहीं पता कि पुलिस की छवि खराब करने के लिए अभियान क्यों चलाया गया। कुछ घटनाओं को बढ़ा–चढ़ाकर दिखाया जाता है जबकि अच्छी घटनाओं को प्रसारित नहीं किया जाता है।" गृह मंत्री ने कहा कि संसद, राज्य विधानसभाओं, न्यायपालिका, चुनाव आयोग, सीएजी और सतर्कता आयोग जैसे कई अन्य संस्थाओं ने लोकतंत्र को सफल बनाया है, लेकिन पुलिस के बीट कांस्टेबल इस संदर्भ में कहीं अधिक प्रशंसा के पात्र हैं। उन्होंने कहा, इसलिए नहीं कि मैं गृह मंत्री हूं, बल्कि बचपन से ही मेरी यह सोच रही है कि लोकतंत्र को सफल बनाने में बीट कांस्टेबल का सबसे बड़ा योगदान है। मंत्री ने कहा कि बीट पुलिसिंग को पुनर्जीवित किए बिना, बुनियादी पुलिसिंग अच्छी नहीं हो सकती है और इसे अद्यतन करना होगा, जिसके लिए प्रौद्योगिकी उन्नयन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बीपीआरडी को इस पर काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, मैं फिर से कहना चाहता हूं कि सरकारी सेवा में सबसे कठिन काम एक पुलिसकर्मी का होता है। उन्होंने कहा कि होली हो, दीपावली हो या ईद सभी त्योहारों पर पुलिसकर्मी ड्यूटी पर रहते हैं।

भारतीय खेलों के इतिहास में तोक्यो पैरालंपिक का हमेशा विशेष स्थान रहेगा: प्रधानमंत्री मोदी

नयी दिल्ली। तोक्यो पैरालंपिक में भारतीय खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारतीय खेलों के इतिहास में तोक्यो पैरालंपिक का हमेशा विशेष स्थान रहेगा। प्रधानमंत्री ने खासतौर पर तोक्यो के लोगों की और मेजबान देश की जनता के साथ ही वहां की सरकार की भी सराहना की और कहा कि उनके बेजोड़ आतिथ्य, और इस ओलंपिक के जरिए एकजुटता का संदेश फैलाने के लिए उनकी सराहना की जानी चाहिए। मोदी ने कहा,''भारतीय खेलों के इतिहास में तोक्यो पैरालंपिक का हमेश विशेष स्थान रहेगा।

प्रत्येक भारतीय की स्मृति में ये खेल अंकित रहेंगे और खेलों के प्रति जुनून के लिए खिलाड़ियों की पीढ़ियों को प्रोत्साहित करते रहेंगे। इस दल का प्रत्येक सदस्य विजेता है और प्रेरणा स्रोत है।'' गौरतलब है कि भारत ने पांच स्वर्ण, आठ रजत और छह कांस्य पदक मिलाकर कुल 19 पदक जीते और पैरालंपिक में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिससे देश पदक तालिका में 24वें स्थान पर रहा। प्रधानमंत्री ने कहा,'' भारत ने ऐतिहासिक संख्या में पदक जीते हैं और उससे हम प्रसन्नता से भरे हैं। मैं कोच, सहयोगी कर्मचारियों और खिलाड़ियों के परिवारों की सराहना करता हूं कि उन्होंने खिलाड़ियों को लगातार सहयोग दिया। हम खेलों में बेहतर भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए इस सफलता को बढ़ाने की उम्मीद करते हैं।

आरएसएस की तालिबान से तुलना करने पर बुरी तरह फंसे जावेद अख्तर, बीजेपी नेता ने की मांफी की मांग

आरएसएस और तालिबान की तुलना करने वाली अपनी टिप्पणी को लेकर सिंगर और फिल्म लेखक जावेद अख्तर पर भाजपा ने हमला बोला है। महाराष्ट्र के भाजपा विधायक राम कदम ने चेतावनी दी कि जावेद अख्तर की फिल्मों की स्क्रीनिंग रोक दी जाएगी, अगर उन्होंने अगर अपनी टिप्पणी के लिए माफी नहीं मांगी। कदम, जो भाजपा के प्रवक्ता हैं, ने एक वीडियो संदेश में कहा कि अख्तर की टिप्पणी न केवल शर्मनाक है, बल्कि आरएसएस के करोड़ों कार्यकर्ताओं के लिए दर्दनाक और अपमानजनक हैं।

उन्होंने आगे कहा कि, अख्तर ने विश्व हिंदू परिषद और दुनिया भर में आरएसएस की विचारधारा का पालन करने वाले करोड़ों लोगों को भी अपमानित किया। जावेद अख्तर का यह बयान न केवल शर्मनाक है, बल्कि संघ और विश्व हिंदू परिषद के करोड़ों पदाधिकारियों और दुनिया भर में उनकी विचारधारा का पालन करने वाले करोड़ों लोगों के लिए दर्दनाक और अपमानजनक है। कदम ने वीडियो में ट्विटर पर शेयर कर कहा कि, ष्ये टिप्पणी करने से पहले, उन्हें यह सोचना चाहिए था कि उसी संघ परिवार से जुड़े लोग आज सरकार चला रहे हैं और राज धर्म का पालन कर रहे हैं। अगर उनकी विचारधारा तालिबानी होती, तो क्या वह ये टिप्पणी कर पाते? इससे पता चलता है। उनके बयान कितने खोखले हैंष। कदम ने यह भी कहा कि वह रविवार को अख्तर के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराएंगे।

महापंचायत में बोले राकेश टिकैत, किसान आंदोलन तब तक चलेगा जब तक भारत सरकार चलवाएगी

उत्तर प्रदेश में संयुक्त किसान मोर्चा ने मुजफ्फरनगर में किसान महापंचायत का आयोजन किया है। बता दें कि यह

आयोजन मुजफ्फरनगर के राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में हो रहा है। मुजफ्फरनगर में किसान महापंचायत को संबोधित करते हुए किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि, किसान आंदोलन तब तक चलेगा जब तक भारत सरकार चलवाएगी। जब तक वे बात नहीं मानेंगे आंदोलन चलता रहेगा।

जब सरकार बातचीत करेगी तो हम करेंगे। देश में आजादी की लड़ाई 90 साल तक चली, यह आंदोलन कितने साल चलेगा हमें तो जानकारी नहीं है। बता दें कि सिंघू सीमा पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के बाद, संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने शनिवार को 27 सितंबर को ष्भारत बंदश का भी आह्वान किया है। पिछले नौ महीनों से दिल्ली की सीमाओं पर कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन की अगुवाई कर रहे किसान संघ ने एक बयान में कहा कि, सिंघू सीमा पर एसकेएम नेशनल कन्वेंशन ने ष्भारत के सभी राज्यों और जिलों में एसकेएम की संयुक्त समितियां बनाने का फैसला किया है।

कोरोना के बीच निपाह वायरस का कहर, 12 साल के बच्चे की मौत के बाद केंद्र ने रवाना की टीम

कोझिकोड (केरल)। कोझिकोड से कुछ दूरी पर स्थित मावूर में 12 वर्षीय बच्चे की निपाह वायरस संक्रमण से रविवार को मौत होने के बाद स्थानीय अधिकारियों ने शहर में और आस–पास के इलाकों में घातक वायरस के प्रसार की रोकथाम के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। कोझिकोड मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सूत्रों ने 'पीटीआई–भाषा' को बताया कि उन्होंने वायरस का प्रकोप फैलने की किसी भी आशंका को देखते हुए विशेष निपाह वार्ड शुरू किया है। अस्पताल ने कहा कि मंत्रियों एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञों के साथ प्रस्तावित बैठक के बाद आगे की योजना पर फैसला लिया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि जिस

अस्पताल में बच्चे का एक सितंबर से इलाज चल रहा था, वह सतर्क हो गया है और वहां स्थिति पर करीब से नजर रखी जा रही है। मावूर के पास ओमासरी में स्थानीय अस्पताल के कर्मचारियों को भी सतर्क कर दिया गया है। बच्चे को अगस्त में बुखार होने के बाद पहली बार चिकित्सकीय परामर्श के लिए वहीं ले जाया गया था। अधिकारियों ने जिले में स्वास्थ्य अलर्ट घोषित कर दिया है और बच्चे के घर से करीब तीन किलोमीर दूर तक के इलाके की घेराबंदी कर दी है। सूत्रों ने बताया कि चथमंगलम पंचायत के पझूर को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है और नायरकुझी, कुलीमाड, पुथियादम वार्ड के आसपास के वार्ड आंशिक रूप से बंद कर दिए गए हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि इन स्थानों से आने–जाने वाले लोगों और वाहनों के आवागमन को प्रतिबंधित करने के लिए पुलिस तैनात की गई है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने क्षेत्र के लोगों को बुखार, उल्टी और अन्य स्वास्थ्य विकारों के किसी भी मामले की सूचना देने को कहा है। मल्लापुरम और कन्नूर में स्वास्थ्य अधिकारियों को भी स्थिति पर करीब से नजर रखने के लिए कहा गया है।

कोयला तस्करी केस में ईडी के सामने पेश हो सकते है टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी

तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी सोमवार 6 सितंबर को म्क प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश हो सकते है। एक हिंदी मीडिया चौनल के खबर के मुताबिक, ईडी ने अभिषेक को कोयला तस्करी के मामले की जांच के सिलसिले में समन भेजा है। अभिषेक की पत्नी को भी म्क के सामने पेश होने को कहा गया है लेकिन कोरोना का हवाला देते हुए पत्नी से उनके आवास पर ही पूछताछ करने का अनुरोध किया है।अभिषेक रविवार शाम को कोलकाता से दिल्ली रवाना होंगे।ईडी घोटाले में धनशोधन के पहलू की जांच कर रही है। जानकारी के लिए बता दें कि, ईडी ने इस साल की शुरूआत में इस केस को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे और तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी तथा उनकी पत्नी को पूछताछ के लिए तलब किया है। टीएमसी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए , राजनीतिक बदले की भावना को देखते हुए अभिषेक पर यह कार्रवाई की जा रही है। साथ ही कहा कि, अभिषेक कानून का पालन करेंगे। इससे पहले 28 अगस्त को ईडी ने अभिषेक को नोटिस भेजा था।

बीजेपी सांसद वरुण गांधी बोले- किसानों से पुनरु बातचीत करने और उनकी पीड़ा को समझने की जरूरत

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद वरुण गांधी ने रविवार को कहा कि किसी समझौते पर पहुंचने के लिए सरकार को तीन नए कृषि कानूनों का विरोध कर रहे किसानों के साथ फिर से बातचीत करनी चाहिए। केंद्र के तीन नए कृषि कानूनों के विरोध में रविवार सुबह विभिन्न राज्यों के किसान मुजफ्फरनगर के राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में होने वाली किसान महापंचायत के लिए बड़ी संख्या में एकत्र हुए हैं। गांधी ने लोगों के हुजूम का एक वीडियो ट्विटर पर साझा करते हुए लिखा,'' आज मुजफ्फरनगर में विरोध प्रदर्शन के लिये लाखों किसान इकट्ठा हुए हैं। वे हमारे अपने ही हैं। हमें उनके साथ सम्मानजनक तरीके से फिर से बातचीत करनी चाहिए और उनकी पीड़ा समझनी चाहिए, उनके विचार जानने चाहिए और किसी समझौते तक पहुंचने के लिए उनके साथ मिल कर काम करना चाहिए।'' अगले वर्ष की शुरुआत में उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं, इस लिहाज से इस आयोजन को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। केन्द्र सरकार आंदोलन कर रहे किसानों के साथ कई दौर की बातचीत कर चुकी है,लेकिन सभी बेनतीजा रही हैं।

जनसंख्या नियंत्रण कानून के पक्ष में रामदास अठावले

देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर चल रहे विवाद के बीच केंद्रीय मंत्री और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के प्रमुख रामदास अठावले ने इस पर अपनी राय रखी है। जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर अपनी राय रखते हुए रामदास अठावले ने कहा कि हमें अपने देश की बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने की जरूरत है। श्एक परिवार, एक बच्चाश नीति से जनसंख्या को नियंत्रित किया जा सकता है। हमारी पार्टी का मानना घ्है कि जनसंख्या नियंत्रण के लिए श्हम दो हमारा एकश नीति होनी चाहिए। रामदास अठावले ने साफ तौर पर कहा कि उनकी पार्टी जनसंख्या नियंत्रण कानून लाने के लिए जल्दी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने एक प्रस्ताव रखेगी। गुजरात दौरे पर गए रामदास अठावले से जब अहमदाबाद में उप मुख्यमंत्री नितिन पटेल की हिंदुओं के अल्पसंख्यक होने की टिप्पणी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यह गुजरात के उपमुख्यमंत्री का अपना बयान हो सकतो है। मेरा मानना है कि हिंदुओं के अल्पसंख्यक होने का देश में कोई सवाल ही नहीं है। अठावले ने कहा कि हिंदू या मुस्लिम दोनों की आबादी जस का तस बना रहेगा। ऐसा नहीं है कि कुछ वर्षों में मुस्लिम आबादी अचानक बढ़ी है। उन्होंने बार–बार साफ तौर पर कहा कि बढ़ती जनसंख्या हमारे देश के लिए चिंता की बात है। अगर हमें देश का विकास करना है तो हमारी आबादी को कम करना होगा।

पंजशीर में खूनी संघर्ष जारी! 600 तालिबानियों की मौत, 1000 से ज्यादा ने किया आत्मसमर्पण

अफगानिस्तान के पंजशीर में तालिबान और रेजिस्टेंस फोर्सेस

की जंग जारी है। इसी बीच एक खबर सामने आ रही है जिसमें कई तालिबानियों की खूनी संघर्ष में मौत हो गई है। पंजशीर का दावा है कि, इस खूनी संघर्ष में उत्तर–पूर्वी प्रांत में करीब 600 तालिबानी की मौत हो गई है और 100 से ज्यादा तालिबानी लड़ाकों ने सरेंडर कर दिया है। रेजिस्टेंस फोर्स के प्रवक्ता फहीम दास्ती ने ट्वीट करते हुए बताया कि, 600 तालिबानियों को मार दिया गया है और एक हजार से अधिक तालिबानी लड़ाकों ने सरेंडर कर दिया है। वहीं तालिबान ने दावा करते हुए कहा कि, पंजशीर के चार जिलों पर कब्जा कर लिया गया है। इसके अलावा जीत के जश्न में तालिबान ने कई हवाई गोलीबारी भी की थी। लेकिन इस दावे को पूरा झूठा बताते हुए अफगानिस्तान के उपराष्ट्रपति अमरुल्लाह सालेह ने एक वीडियो जारी करते हुए कहा तालिबान के दावे को झूठा करार दिया है।

मुलायम सिंह यादव शिक्षक सम्मान से नवाजे गये जिले के पांच शिक्षक

डॉ. शशिकांत यादव, डॉ. शिखा वर्मा, उदय नारायण तिवारी, डॉ. उजेर अहमद व शालिनी रावत को दिया गया सम्मान

अयोध्या। शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर समाजवादी पार्टी ने जिले के 5 शिक्षकों को मुलायम सिंह यादव शिक्षक सम्मान से नवाजा। आज पार्टी कार्यालय लोहिया भवन पर आयोजित एक कार्यक्रम में इन शिक्षकों का सम्मान करते हुए आयोजकों ने अध्यापकों को देश का भविष्य बताया। कार्यक्रम में सम्मान समारोह के संस्थापक मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री तेजनारायण पाण्डेय 'पवन' ने शिक्षकों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि किसी भी देश का भविष्य उस देश के शिक्षकों के हाथ में होता है शिक्षक अगर चाहेगा तो अपनी शिक्षा के माध्यम से देश के लिए बेहतरीन माहौल बनाने में मदद कर सकता है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकारों ने हमेशा ही अध्यापकों के लिए ऐसे–ऐसे कार्य किए हैं जो मील का पत्थर साबित हुए हैं। आने वाले विधानसभा चुनाव के बाद जब प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी तो अध्यापकों के लिए तमाम बेहतरीन व्यवस्थाएं लागू करके देश और प्रदेश के भविष्य को और उज्जवल बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से समाज को ऊंचाइयों पर ले जाया जा सकता है अध्यापकों का सहयोग अगर हो तो किसी भी देश का भविष्य उज्जवल हो सकता है। उन्होंने चाणक्य का उदाहरण देते हुए कहा कि चाणक्य जैसा शिक्षक था तभी चंद्रगुप्त मौर्य जैसा सम्राट भारत को मिला। समाजवादी शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष दान बहादुर सिंह ने इस मौके पर कहा कि इस आयोजन के माध्यम से समाजवादी पार्टी न सिर्फ अध्यापकों का सम्मान करती है बल्कि अध्यापकों द्वारा ईमानदारी से किए जा रहे कार्यों को भी लोगों के बीच प्रस्तुत करती है। समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि आज इस आयोजन में जिले भर के तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

उन्होंने बताया कि सम्मानित होने वाले मुख्य रूप से डॉ0 शशिकांत यादव वरिष्ठ वैज्ञानिक के0वी0के0 अध्यक्ष नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या, डॉ0 शिखा वर्मा एसोसिएट प्रोफेसर शिक्षा संकाय साकेत महाविद्यालय अयोध्या, उदय नारायण तिवारी प्रवक्ता पं0 माता प्रसाद त्रिपाठी राजकरण वैदिक पाठशाला इण्टर कालेज, अयोध्या, डॉ0 उजेर अहमद प्रवक्ता वसीका अरबी महाविद्यालय राठहवेली अयोध्या, श्रीमती शालिनी रावत सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय अर्थर सोहावल अयोध्या को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सभा महासचिव डॉ0 घनश्याम यादव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षक सभा के पदाधिकारीगण विमल सिंह यादव, संत प्रसाद मिश्रा, अवनीश प्रताप सिंह, रामतेज यादव, डा0 नगेन्द्र सिंह, रमेश सिंह, आनन्द कुमार शुक्ला, अमर नाथ सिंह, राम चन्दर वर्मा, अनिल कुमार मिश्र, मो0 अजहर अली, रविन्दर गुप्ता, प्रभाकर सिंह, जय प्रकार चौरसिया, लालचन्द यादव, जगन्नाथ यादव, अक्षतेश्वर दूबे, अशोक साहनी, राम कैलाश यादव, कुंवर नृगेन्द्र विक्रम सिंह, मृत्युंजय सिंह, सत्य प्रकाश, अम्बुज मालवीय, डॉ0 हनुमान प्रसाद मिश्रा, दलसिंगार गौड़, दलसिंगार वर्मा, विजय निगम, प्रदीप कुमार तिवारी, संतोष मौर्या, अमित मौर्या, नारायण द्विवेदी, डॉ0 मनोज कौशल, डॉ0 चन्द्र प्रकाश वर्मा आदि रहे।

इस अवसर पर मुख्य रूप से सपा के वरिष्ठ नेता भगवान बक्श सिंह, छेदी सिंह, डॉ0 एच0बी0 सिंह, बख्तियार खान, मो0 हलीम पप्पू, मनोज जायसवाल, हामिद जाफर मीसम, चौ0 बलराम यादव, छोटेलाल यादव, राम अचल यादव, पारसनाथ यादव, हाजी असद अहमद, एजाज अहमद, सरोज यादव, अर्पणा जायसवाल, संजीत सिंह, श्रीचन्द यादव, शाबिर हुसैन, ओपी पासवान, रामभवन यादव, रिजवान हसनैन, मंजीत यादव, मो0 सुहेल, शक्ति जायसवाल, विद्या भूषण पासी, अजय विश्वकर्मा, नजमी जैदी, माजिद खान, जाबिर खान, शाहबाज खान लकी, आयुष श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में 184 में केवल सात ममालों का हुआ निस्तारण

नोडल अधिकारी टी बेकटेश की अध्यक्षता में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

मिल्कीपुर–अयोध्या। अपर मुख्य सचिव सिंचाई ध्जल संसाधन एवं प्रतिभूमि व जिले के नोडल अधिकारी टी बेकटेश एवं जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में शनिवार को मिल्कीपुर तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 184 फरियादियों ने प्रार्थना पत्र देकर समस्या से अवगत कराया। इस दौरान सात मामलों का निस्तारण किया गया। बाकि के 177 मामले संबंधित विभाग को सौंप दिया गया। जिलाधिकारी ने जन समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि इसमे किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी। समाधान दिवस में ग्राम पंचायत पराधमथुआ से आए फरियादी आदित्य प्रताप शर्मा ने बताया कि बीते 4 फरवरी 2020 को जिलाधिकारी अयोध्या को शपथ पत्र दिया था जिसमें बताया गया था। कि ग्राम पंचायत में 112000 रूपए की लागत से नई स्ट्रीट लाइट लगाई गई थी तथा उसी वित्तीय वर्ष में स्ट्रीट लाइट मरम्मत कराने के नाम पर 55000 रुपए का बंदरबांट किया गया था। इसका खुलासा आरटीआई से हुआ था। जिसके बाद शिकायतकर्ता आदित्य प्रताप ने मामले की जांच कराने के लिए जिलाधिकारी को शपथ पत्र दिया था शपथ पत्र का संज्ञान लेने के बाद जिलाधिकारी ने निर्देश पर कार्यालय सहायक निदेशक बचत अयोध्या द्वारा बीते 16 मार्च 2020 को जांच की गई तथा पुनः 30 जून 2020 को सहायक निदेशक बचत अयोध्या एवं अन्य अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायत में लगी स्ट्रीट लाइटों की जांच की गई जांच के समय ग्राम पंचायत में एक भी स्ट्रीट लाइट जलते नहीं पाई गई थी। जांच अधिकारियों द्वारा जब स्ट्रीट लाइट के संबंध में पत्रावली ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी से मांगी गई तो वह भी कुछ नहीं दिखा सके। शिकायतकर्ता ने जब देखा कि जिलाधिकारी के निर्देश के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं हो रही है ।तो जनसुनवाई पोर्टल पर पुनः शिकायत दर्ज कराई लेकिन शिकायत का निस्तारण धारा 1997 का हवाला देकर निस्तारित कर दिया जाता है । जिसकी शिकायत शिकायत कर्ता तहसील दिवस में भी किया था लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हो सकी अब देखना है कि तहसील दिवस में मौजूद अधिकारी मामले का संज्ञान लेते हैं या नहीं। समाधान दिवस में खंडासा थाना क्षेत्र के अधियारी गांव निवासिनी अर्चना मौर्य व मिल्कीपुर विकास खण्ड के गुजरामऊ गांव निवासी कंचन पांडे ने शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए जिलाधकारी से कहा कि ग्राम सभा में पंचायत सहायक भर्ती में सारे नियमों को ताक पर रखकर नियुक्ति की जा रही है ऐसा सुनते ही जिलाधिकारी ने दिवस में मौजूद समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि निष्पक्ष एवं शासनादेश के आधार पर ही पंचायत सहायकों की नियुक्ति हो यदि किसी प्रकार की शिकायत मिलती है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अनीता यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अयोध्या घनश्याम सिंह, उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर दिग्यविजय प्रताप सिंह, तहसीलदार पल्लवी सिंह, खंड विकास अधिकारी मिल्कीपुर मनीष मौर्य, क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर राकेश श्रीवास्तव, क्षेत्रीय वन अधिकारी पीयूष मोहन श्रीवास्तव समेत सर्किल के तीनों थानों के प्रभारी निरीक्षक मौजूद रहे।

विहिप के स्थापना दिवस को लेकर बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने निकाली शोभायात्रा

सिधौली (सीतापुर)। विश्व हिन्दू परिषद के तत्वाधान शनिवार को विहिप के स्थापना दिवस को लेकर बजरंग दल हिदू वाहिनी में कार्यकर्ताओं द्वारा शोभायात्रा रैली निकाली गयी। विशिष्ट अतिथि के रूप में बनगढ़ आश्रम के महंत सन्तोष दास खाकी शोभायात्रा में मौजूद रहे। शोभायात्रा कि शुभारम्भ नगर के जिला पंचायत गेस्ट हाउस से साल हुआ। जो कि बिसवां चौराहा, नेशनल हाइवे बस स्टाफ , तहसील तिराहा, महमूदामाद चौराहा, अलादादपुर होते हुए वापस गेस्ट हाउस पहुंची जहां पर रैली का समापन हुआ। शोभायात्रा के समापन अवसर पर डाकबंगला परिसर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए विश्व हिन्दू परिषद के प्रान्त संगठन मंत्री राजेश ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज विहिप अपना 56वां स्थापना दिवस मना रहा है हिन्दूओ को एक बने रहने की आवश्यकता है कि सभी हिन्दू भाई एकता बनाए रखे। आपस में किसी भी प्रकार की बैमनष्यता न रखे। हिन्दू धर्म ने हमेशा सभी का संम्मान किया है। उन्होंने कहा सनातन हिंदू संस्कृति सदा ही वासुदेव कुटुम्बकम की विचार धारा पर चल के आदि काल से सर्व समाज को जोडने का कार्य करती चली आ रही है। इसलिए अन्य सभी लोग भी हिन्दू धर्म का सम्मान करे। उन्होंने कहा कि अब हिन्दू जाग चुका है। कार्यक्रम को संतोष दास खाकी महाराज ने कहा कि हिंदू और हिंदुस्तान की ताकत को पूरा विश्व देख चुका है। हमारा भारत अब अपनी राह खुद बनाता है। इस दौरान अन्य धर्म गुरूओ व सङ्गठन के पदाधिकारियों ने सम्बोधित किया। शोभायात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय, जय श्री राम के गगन चुम्भी जयकारे गुंजायमान हुए बंदेमातरम का जयघोष हुआ और पूरा इलाका आज भगवा मय दिखा रैली में शामिल दुर्गा वाहिनी की झांकी ने सभी का मनमोहारैली ने सभी को मनमोहा। शोभायात्रा का नेतृत्व विहिप के गोरक्षा विभाग प्रान्त मंत्री बच्चे बाजपेयी ने किया। इस अवसर पर विहिपविभाग मंत्री आदित्य त्रिपाठी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख विजय पाण्डेय, विहिप पूर्व चौयरमैन गंगाराम राजपूत, आचार्य मनीष पांडे, राममोहन शुक्ल, प्रतीक सिंह, केसी बाजपेयी, पुष्कर गुप्ता, मनीष पांडेय, अनिल मिश्रा, कमल पाण्डेय, लक्ष्मी शंकर गिरि, धर्मेंद्र सिंह, सुधीर सिंह, आदेश शुक्ला, अशोक मिश्रा, लालजी, कृतार्थ मिश्रा, सौरभ सिंह, गौरव मिश्रा, ओमप्रकाश मिश्रा, राकेश पांडेय, चंद्रप्रकाश सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सपा छोड़ ग्रहण की कांग्रेस की सदस्यता सदस्यता

अयोध्या। दौलतपुर निवासी अशफाक खां व कल्लू खां अपने साथियों के साथ कांग्रेस पार्टी कैंप कार्यालय नौवा कुआं पहुंच कर समाजवादी पार्टी छोड़ कर कांग्रेस पार्टी में आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी छोड़ कर आए सभी को पार्टी का झंडा सौंपकर कांग्रेस परिवार में सम्मिलित किया। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने सभी को पुष्प देकर कांग्रेस परिवार का सदस्य बनने पर बधाई दी।जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव ने सभी का भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि आप सभी ने कांग्रेस की रीति नीति में विश्वास कर कर आज कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है उन्होंने कहा मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूं की पार्टी आपके हर सुख दुख में सदैव आपके साथ पूरी मजबूती से खड़ी रहेगी और आपके हर हक व हुकूक की लड़ाई आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ेगी। जिला प्रवक्ता मोहम्मद शरीफ ने बताया सदस्यता लेने वालों में प्रमुख रूप से अशफाक खां,कल्लू खां,रामनाथ यादव,विपिन शर्मा,अनवर अहमद,पप्पू खान,शराफत खान आदि रहे। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष अब्दुल हकीम,वरि.नेता छवि राज यादव,युवा नेता दिनेश यादव,कांग्रेस अनुसूचित जाति के जिलाध्यक्ष राम सागर यादव,जिला सचिव अमरजीत रावत,राकेश यादव गुड्डू आदि कांग्रेसजन मौजूद रहे।

स्टैंडिंग कमेटी ने अयोध्या रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

अयोध्या। रेलवे मंत्रालय की स्टैंडिंग कमेटी ने अयोध्या रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। समिति के सभापति राधा मोहन सिंह के नेतृत्व में 21सदस्यीय टीम ने निर्माणाधीन रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया।इस दौरान रेलवे स्टेशन पर हुए कार्यों का निरीक्षण भी किया गया। साथ ही किये जा रहे कार्य और आगामी होने वाले कार्यों को लेकर बैठक कर उसपर चर्चा भी की गई।इस दौरान उन्होंने बताया कि अयोध्या रेलवे स्टेशन के प्रथम चरण का 70 फीसदी काम पूरा हो चुका है और 31 दिसंबर तक स्टेशन बन कर तैयार हो जाएगा।साथ मे यह भी बताया कि अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन 10 प्लेटफॉर्म का बनेगा जो सभी प्रकार की यात्री सुविधाओं से लैस होगा।रेलवे स्टेशन के मॉडल को लेकर उन्होंने बताया कि स्टेशन का बाहरी हिस्सा मंदिर मॉडल का होगा। निरीक्षण के दौरान रेलवे मंत्रालय की स्टैंडिंग कमेटी में मौजूद 16 सांसदों और डीआरएम नार्दन रेलवे एस के शापरा भी मौजूद रहे।

जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा साधना दीक्षित का हुआ जोरदार स्वागत

उन्नाव । सभी पदाधिकारी जमीन पर उतरकर काम करें और आगामी चुनाव में भाजपा को विजय दिलाने का कार्य करें यह बात जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा ने परिचय बैठक में कही बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष राजकिशोर रावत ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि आप सभी पर जो विश्वाश पार्टी ने किया है आप सभी आधी आबादी में पार्टी को बढ़ाने का कार्य करें।भारतीय जनता पार्टी कार्यालय उन्नाव में महिला मोर्चा की नवनियुक्त पदाधिकारियों की परिचय बैठक आयोजित की गई जिसमें महिला मोर्चा की कार्यसमिति के सभी सदस्यों का परिचय के साथ स्वागत भी किया गया बैठक की अध्यक्षता कर रही महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष साधना दीक्षित को सभी पदाधिकारियों ने माला पहना व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया जिलाध्यक्ष राजकिशोर रावत सहित अतिथि पूर्व जिला उपाध्यक्ष किरण सिंह जिला महामंत्री आशीष बाजपेई अटल को माला और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया इस बैठक में क्रांति परिषद सदस्य चंद्रकांता जोशी, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रचना कुर्मी, सुनीता प्रजापति, जिला महामंत्री गीता विश्वकर्मा, पुनीता दीक्षित, जिला मंत्री सौम्या द्विवेदी, श्रीदेवी, उमा शुक्ला, गुड़िया चौहान, श्रद्धा बाजपेई, जिला कार्यालय प्रभारी संगीता सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी यशी सिंह, जिला मीडिया प्रभारी मोनिका, सदस्य अंशु मिश्रा, कल्पना तिवारी, नीतू सिंह, भी उपस्थित रही।

सपा नेताओं ने किया दवा का छिडकाव

फिरोजाबाद। जनपद में फैले डेंगू व वायरल की रोकथाम के लिये शनिवार को सपा नेताओं के साथ एमएलसी ने सड़कों पर एण्टी लार्वा दवा का छिडकाव किया है। सपा एमएलसी डॉ दिलीप यादव शनिवार को कार्यकर्ताओं के साथ सड़क पर आ गये। उन्होंने शिकोहाबाद क्षेत्र में डेंगू व वायरल की रोकथाम के लिये ट्रैक्टर से सडकों पर दवा का छिडकाव किया। सपा नेताओं ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने इस महामारी के फैलने की बजह नगर निगम की लापरवाही बताते हुये इसके लिये सरकार को जिम्मेदार ठहराया है।

समाधान दिवस पर नोडल अधिकारी ने सुनी लोगों की फरियाद

उन्नाव। जनता की समस्याओं का त्वरित गति के साथ निस्तारण संभव हो सके इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन आज जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में तहसील हसनगंज में किया गया। जनपदीय नोडल अधिकारीध्अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग उत्तर प्रदेश शासन एम०वी०एस० रामी रेड्डी की उपस्थिति में जिलाधिकारी ने अध्यक्षता करते हुए जनता की समस्याओं को सुनने के उपरांत विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निराकरण करने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी फरियादी समस्या के समाधान के उद्देश्य से ही सरकारी कार्यालयों में आता है इसलिए जनता की समस्या का समाधान करना हम सबके लिए सर्वोपरि है कोई भी फरियादी तहसील दिवसध किसी भी कार्यालय से निराश होकर नहीं जाना चाहिए। पारदर्शिता के आधार पर संबंधित को नियमानुसार न्याय दिया जाए जब तक फरियादी द्वारा की गई शिकायत के समाधान से संतुष्ट नहीं हो जाए तब तक शिकायत का समाधान नहीं माना जाएगा। तहसील संपूर्ण समाधान दिवस जनपद की समस्त तहसीलों में अब माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित किया जाता है।जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए शासन द्वारा संचालित समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन–जन तक जनपद के हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए संबंधित विभाग के अधिकारी सोशल मीडिया के माध्यम से अन्य माध्यमों से शासन की योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार कराएं जिससे कि आम आदमी भी योजना से सीधे जुड़ सके और लाभान्वित हो सकें तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में 235 शिकायत प्राप्त हुई जिसमें से 13 शिकायतों का जिलाधिकारी के माध्यम से मौके पर निस्तारण किया गया डीएम ने कहा जिन विभागों की अन्य शिकायतें हैं जिनका मौके पर निस्तारण नहीं हो सका है संबंधित अधिकारी स्थलीय निरीक्षण कर शिकायतों का गुणवत्ता के साथ 05 दिन के अंदर ही निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा जो भी निस्तारण किया जाए वह ससमय व गुणवत्ता पूर्ण किया जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय,मुख्य विकास अधिकारी दिव्यांशु पटेल, उपजिलाधिकारी हसनगंज प्रदीप वर्मा, क्षेत्राधिकारी हसनगंज, जिला वानिकी अधिकारी, जिला विकास अधिकारी मनीष कुमार, डीसी एन०आर०एल०एम चंद्रशेखर सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी व संबंधित उपस्थित रहे।

अपर मुख्य सचिव ने स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा

अयोध्या। जनपद में स्वास्थ सुविधाओं का जायजा लेने के लिए जनपद के नोडल अधिकारी व अपर मुख्य सचिव सिंचाई टी वेंकटेश ने जिला अस्ताल का किया निरीक्षण। इस दौरान उन्होंने नगर निगम क्षेत्र दिल्ली दरवाजा व अंगूरी बाग का भी निरीक्षण किया। उनके साथ जिलाधिकारी अनुज झा एसएसपी शैलेश पांडे समेत जिले के कई आला अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रदेश में डेंगू बुखार के प्रकोप को देखते हुए नोडल अधिकारी टी वेंकटेश ने जिला अस्पताल के डेंगू वार्ड व बाल रोग वार्ड का निरीक्षण किया और डॉक्टरों से इसको लेकर जानकारी भी ली। इस दौरान टी वेंकटेश ने कहा कि जनपद में डेंगू अभी नियंत्रण में है। पूरे जनपद में डेंगू के अभी केवल चार पांच मरीज ही है। लेकिन हम टेस्ट में अभी और इम्प्रूव करेंगे ।साथ ही उन्होंने मरीजों की भर्ती एवं जांच के निर्देश भी दिए।

प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा ने किया निरीक्षण, दिये निर्देश

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ से जनपद भ्रमण पर आए प्रमुख सचिव चिकित्सा, शिक्षा आलोक कुमार ने शनिवार को सौ शैय्या डेलीगेटेड आइसोलेशन अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एक–एक कर सभी बच्चा वार्डों का एवं अल्ट्रासाउंड, एक्सरे, फोटोथेरेपी, नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई का निरीक्षण कर डॉक्टरों को निर्देश दिए कि वह डेंगू व वायरल बुखार को जल्द रोकथाम कर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पीड़ित मोनू, उदयवीर कारीखेड़ा, आशीष टूण्डला, लकी सत्यनगर टापाकला, पूजा हिमाऊपुर, लक्ष्मी कोटला से एवं उनके परिजनों से बात कर उनके स्वास्थ्य व चल रहे इलाज के बारे में जाना, जिस पर सभी परिवारीजन व तीमारदार चल रहे उपचार से संतुष्ट नजर आए। इसी परिसर में उत्तर प्रदेश निर्माण निगम द्वारा 193 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन अस्पताल का भी निरीक्षण किया और प्रोजेक्ट मैनेजर एस पी सिंह को निर्देश दिए कि जल्द इसके दो फ्लोर तैयार कर इसे संचालित किया जाए, इसके लिए उन्होंने प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज डॉ संगीता अनेजा को भी निर्देश दिए कि इस निर्माणाधीन अस्पताल में तुरंत 200 बैड डलवाकर इसे जल्द से जल्द संचालित किया जाए। इसके उपरांत प्रमुख सचिव ने हिमाऊपुर कि पीएससी का निरीक्षण कर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि वह पहले अपने स्तर पर ही मरीजों को इलाज करें और अधिक आवश्यकता पड़ने पर ही सौ शैय्या अस्पताल में मरीज को भर्ती कराएं ताकि वहां पर अधिक भार न बनने पाए, पीएससी पर उपस्थित लोगों से बात की जिस पर भीमनगर निवासी पीड़िता दिव्या की मां ने बताया कि दिव्या आगरा इमरजेंसी में भर्ती है और उसको खून की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। इस पर सचिव ने इमरजेंसी आगरा से बात कर तुरंत खून की व्यवस्था कराई। अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान सचिव ने सैलई के अब्बास नगर क्षेत्र का भ्रमण कर वहां गली–मोहल्लों के हालात को जाना वह कई घरों पर भी गए और लोगों से बात की, वहां उन्होंने स्वास्थ्य कैंप व क्षेत्र का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान बुखार से पीड़ित 8 वर्षीय हाशमी एवं वहीं पड़ोस में बुखार से पीड़ित 11 वर्षीय जीनत को घर जाकर देखा और मौके पर ही एम्बुलेंस बुलवाकर भर्ती करवाने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी चंद्रविजय सिंह, उप जिलाधिकारी सदर राजेश कुमार वर्मा, नगर विधायक मनीष असीजा, एसीएमओ डॉ बी पी कौशिक सहित स्वास्थ्य व नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

संदिग्धावस्था में वृद्धा की मौत

फिरोजाबाद। थाना जसराना क्षेत्र अन्तर्गत एक वृद्धा की संदिग्धावस्था में मौत हो गयी। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल लायी है। थाना जसराना क्षेत्र के गांव जोनामई निवासी जावित्री देवी (65) पत्नी रमेश चन्द्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। जावित्री की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। इधर सूचना पर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल लायी है।

चोरों ने लाखों का माल किया पार

बीकापुर–अयोध्या(आरएनएस)। कोतवाली क्षेत्र के पातूपुर मजरे मैना पडाइन का पुरवा गांव में 3ध्4 सितम्बर की रात एक घर में अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर लाखों कीमत के सोने चांदी के आभूषण ,एलसीडी,कपड़ा,बर्तन को पार कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। गांव निवासी केशव प्रसाद पाडें पुत्र विजय बहादुर परिवार रात खाना–पीना खाकर परिवार समेत घर के अंदर एक कमरे में सो रहे थे। अज्ञात चोर घर की दीवाल काटकर चौनल का ताला तोड़कर घर के अंदर घूसकर रखें सामान को खंगालते हुए जमीन पर सारे सामान बिखेर दिया। सोने चांदी के आभूषण उठा ले गए। सुबह सोकर जागने पर परिजन को घर में चोरी होने का पता चला।भुक्तभोगी ने चोरी की सूचना 112 पीआरवी पुलिस को दी इसके अलावा कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

भाजपा सरकार में गायें सुरक्षित, गौशाला में सभी के सहयोग की जरूरत: राघवेन्द्र प्रताप सिंह

मनवापुर ब्लाक क्षेत्र के महतिनियां खुर्द में बने शिव नंदी गोशाला के उद्घाटन कार्यक्रम में बोले विधायक

दैनिक बुद्ध का सन्देश

भनवापुर/सिद्धार्थनगर। रविवार को भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के महतिनियां खुर्द गांव में बने शिव नंदी गोशाला का उद्घाटन हियुवा के प्रदेश प्रभारी व विधायक डुमरियागंज राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने फीता काट कर तथा गायों को चारा खिलाकर किया।इस दौरान उन्होने कहा कि गायें हमारे संस्कृति है और इनका संरक्षण हम सब की जिम्मेदारी है।प्रदेश में योगी सरकार के द्वारा गोशालाओं का निर्माण कर उनके चारे और रहने की समुचित व्यावस्था की जा रही है।क्षेत्र में शिव नंदी गोशाला बन जाने से सड़को पर

घूमती गायों तथा किसानों के फसलों का नुकसान नहीं होगा।भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष गौरव मिश्रा ने कहा कि भाजपा की योगी सरकार मे गो गंगा गायत्री की रक्षा कर हमारे भारतीय संस्कृति को बचाने का काम कर रही है।आप सभी इस गोशाला मे रह रही गायों के लिए पहली रोटी प्रतिदिन देने की आदत डालें जो हमारी परंपरा रही है।कार्यक्रम को ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश ओझा,पूर्व ब्लाक प्रमुख बलराम मिश्रा,ने भी संबोधित किया।इस मौके पर प्रधान संघ के ब्लाक अध्यक्ष लालजी शुक्ला, खंड विकास अधिकारी धनंजय सिंह, एडीओ पंचायत लाले,प्रदीप कसौधान,सांसद प्रतिनिधि अमित मिश्रा,बॉबी पांण्डेय, बृजनंदन शुक्ला,उत्तम कुमार,भानू मिश्रा,गिरधारी ओझा,अजीत कुमार,राहुल सिंह,शैलेन्द्र रावत,आदि उपस्थित रहे।

फजिहतवा नाला में डूबने से मौत

दैनिक बुद्ध का सन्देश

जोगिया/सिद्धार्थनगर। जोगिया क्षेत्र के ग्राम फूलपुर निवासी राम देव पुत्र स्व0राम लाल राजभर उम्र 65 वर्ष है की फजिहतवा नाला में डूबकर मौत हो गई। सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी द्वारा मौके पर पहुंचकर ग्रामवासियों के सहयोग से शव को फजिहतवा नाला से निकलवाया गया साथ ही पंचायतनामा करके मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया गया।पूछताछ पर ज्ञात हुआ कि मृतक रामदेव, जानवर का चारा लेकर आज सुबह नाला पार कर रहे थे और नाला पार करते समय डूबकर उनकी मौत हो गयी। ग्रामवासियों के अथक सहयोग से शव को गहरे पानी से निकाला जा सका।

सूचना मिलने पर अपने टीम के साथ पहुंच कर शव को नाले से निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया,साथ ही जॉच किया जा रहा है।

– प्रभारी तहसीलदार सिंह

ग्राम पंचायत असिधवा में पंचायत सहायक नियुक्त हुई निशा श्रीवास्तव

दैनिक बुद्ध का सन्देश

मिश्रौलिया/सिद्धार्थनगर। ग्राम सभा असिधवा पंचायत सहायक की नियुक्ति हेतु ग्राम सभा में ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य, ग्राम पंचायत अधिकारी व अन्य लोगो की उपस्थिति में खुली बैठक संपन्न हुई। कुल आवेदनों की संख्या 06 थी, जिसमें 02 आवेदनकर्ता निशा श्रीवास्तव पुत्री स्व0 राम नारायन लाल (मृत्यु कोविड–19 के कारण) व अमर कुमार जिनके बड़े भाई स्व0 अंकित श्रीवास्तव (मृत्यु कोविड–19 के कारण) हुई थी। दोनो आवेदनकर्ताओं के मेरिट की तुलना करने पर निशा श्रीवास्तव जिनके माता–पिता इस दुनिया में नही है, मेरिट की तुलना में अधिक पायी गई। अतः मेरिट व कोविड–19 रिपोर्ट के आधार पर सर्व सम्मति से निशा श्रीवास्तव को ग्राम सभा की खुली बैठक में पंचायत सहायक के लिए चुना गया। इस सन्दर्भ में निशा श्रीवास्तव के आवेदन और बाकी तमाम जरूरी कागजात ग्राम पंचायत अधिकारी राम बिलास पासवान को आगे की नियुक्ति हेतु दे दिया गया। इस नियुक्ति से सभी ग्रामवासियों में खुशी की लहर है और सभी लोगो ने ग्राम प्रधान रामेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव को तहे दिल से धन्यवाद दिया।

शिक्षक विद्यार्थी को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करें: श्रीराम चौहान

माता–पिता से ऊंचा है शिक्षक का स्थान : अपर मुख्य सचिव

दैनिक बुद्ध का सन्देश

संतकबीरनगर। शिक्षक दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शिक्षक सम्मान समारोह 2021 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बेसिक व माध्यमिक शिक्षा के 75–75 शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र, अंग वस्त्र व पुष्प देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व संचालनध्संयोजन जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह ने किया।मुख्यातिथि उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री श्रीराम चौहान ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थी को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करे। शिक्षक युग निर्माता है। उसके हाथ में समाज को श्रेष्ठ

व स्वाभिमानी बनाने की जिम्मेदारी है। शिक्षक के हाथ में उत्थान और पतन दोनों होते हैं। शिक्षकों को अपने गरिमा के अनुरूप आचरण करके देश के भावी पीढ़ी का निर्माण करना चाहिए। विशिष्ठ अतिथि अपर मुख्य सचिव होमगार्ड अनिल कुमार ने अपने विद्यार्थी जीवन के कई संस्मरण सुनाए और कहा कि एक अच्छा शिक्षक विद्यार्थियों में जो प्रेरणा भर सकता है, वह कोई अन्य नहीं कर सकता। संयुक्त शिक्षा निदेशक मनोज कुमार द्विवेदी ने भी अपने संस्मरण सुनाए।जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह ने आगंतुक अतिथियों व शिक्षकों का आभार व्यक्त किया और अपने विद्यार्थी जीवन के कई अविस्मरणीय संस्मरण सुनाए। इसके पूर्व आमंत्रित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के आयोजक जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा आगंतुक अतिथियों को स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज खलीलाबाद व हीरालाल इंटर कॉलेज खलीलाबाद की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

शिक्षक दिवस के अवसर पर शैक्षिक नवाचारों के लिए उत्कृष्ठ योगदान देने वाले संजय द्विवेदी, डा. हरिप्रकाश पाठक, निशा यादव, नीलम राय, राम नारायण शुक्ला, सचिन यादव, विपुल मौर्या, अनामिका, सोनिया, सरस्वती पाठक, रामकुमार सिंह, अभिषेक सिंह, रवि प्रकाश श्रीवास्तव, यूनुस अख्तर खान, एसके मणि त्रिपाठी ,सुमिता सिन्हा, राकेश कुमार सिंह, मुकेश कुमार, ध्रुव चंद पाठक, बलवंत विश्वकर्मा, राघवेंद्र नाथ द्विवेदी, दिनेश कुमार चौहान, उमेश कुमार गौतम, राकेश कुमार चौधरी, मोहम्मद सईद, सुरेश कुमार बिंद, मंतोष कुमार मौर्या, शैलेंद्र कुमार शुक्ला, गौरी त्रिपाठी, मुजीबुउल्लाह, निसार अहमद, फिरोज अहमद, विक्रम पाल, नरेंद्र कुमार पटेल, अवध नारायण मिश्र, सानिया मल्ल, धनंजय कुमार, विक्रमादित्य राय, सतीश चंद्र त्रिपाठी, श्याम बहादुर यादव, विनय कुमार मिश्र, नीलम चौरसिया, संध्या चौरसिया, अनिरुद्ध सिंह, दया शंकर पांडेय, करुणेश मित्र, अनिल कुमार उपाध्याय, शांभवी, इंद्रसेन राय, नागेंद्र, श्रीकांत तिवारी, रामकेवल यादव, अंकिता राय, जगजीत प्रसाद, जे.एन. पांडेय, ओंकार नाथ शुक्ला, अभिषेक शर्मा, चंद्र कुमार राय, दिनेश मौर्या, रवि प्रकाश पांडेय, अरविंद चौरसिया, वसीम अहमद, अनिरुद्ध लाल शर्मा, राज कुमार, अरुण कुमार सिंह, अजय कुमार, फरीदा खातून, सत्येंद्र कुमार, पीजे जोसेफ, गिरीश कुमार राय, अजय भारद्वाज, सर्वेंद्र मणि त्रिपाठी, जमाल अहमद, शिवानी सिंह, हसमुल्लाह, मोहम्मद नईम सहित अन्य सम्मानित किए गए।इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी मनोज कुमार सिंह, मोहिबुल्लाह खान, राम नारायण शुक्ला, अजीत कुमार गुलाम सरवर मनोज श्रीवास्तव, अजीत कुमार मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

जिला पंचायत भवन से हटा अवैध कब्जा,बुद्धा चौरिटेबल ट्रस्ट ने किया था कब्जा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर। तहसील डुमरियागंज अन्तर्गत जिला

पंचायत भवन से अवैध कब्जा हटवा कर जिला पंचायत ने कब्जा ले लिया। साथ ही जिला पंचायत ने धरोहर धनराशि 29 लाख रूपये वापस कर दी।अभियन्ता जिला पंचायत ने प्राप्त सामान को सूची बनाकर प्राप्त करते हुए जिला पंचायत भवन की बाउंड्री के बाहर अतिरिक्त कक्ष में ताला लगाकर बंद कर दिया। मौके पर क्षेत्राधिकारी मय पुलिस बल उपस्थित रहे।तहसील डुमरियागंज अंतर्गत जिला पंचायत के भवन को अवैध तरीके से नियम विरुद्ध बुद्धा चौरिटेबल ट्रस्ट, मुख्य ट्रस्टी रामजीवन द्वारा पट्टा कराया गया था, जिसे जिला पंचायत ने निरस्त कर दिया। जिला पंचायत द्वारा भवन खाली करने हेतु नोटिस जारी किया गया और तहसील प्रशासन से भवन खाली कराने हेतु सहयोग मांगा गया। विपक्षी द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में 31 अगस्त को सुनवाई तिथि मे पक्ष रखने का समय मांगा गया।तहसील प्रशासन द्वारा विपक्षी को सुनवाई का पर्याप्त अवसर देते हुए दिनांक 31 अगस्त तक का अवसर दिया गया था ताकि न्याय संगत एवं पारदर्शी तरीके से जिला पंचायत भवन से कब्जा हटवाए जा सके एवं विपक्षी कोई भी अवसर न रहे कि उसे साक्ष्य सुनवाई का अवसर नही मिला। वर्तमान में किसी भी न्यायालय द्वारा भवन खाली कराए जाने के संबंध में कोई रोक नहीं है।

शिक्षक दिवस पर राष्ट्रीय सैंथवार मल्ल स्वाभिमान मोर्चा ने आयोजित की रक्तदान शिविर

दैनिक बुद्ध का सन्देश

हाटा/कुशीनगर। शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय सैंथवार मल्ल स्वाभिमान मोर्चा और राम कैलाश सिंह सेवा समिति के तत्वाधान में बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के सहयोग से पकवा इनार चौराहा कुशीनगर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ।इस शिविर में सैंथवार मल्ल समाज के साथ–साथ अन्य समाज के मानवतावादी सोच रखने वाले नवयुवक एवं नव युवतियों ने भाग लिया। जिससे इस रक्तदान शिविर का आकर्षण और दुगना हो गया,इस शिविर में कुल 28 लोगों ने रक्तदान किया। जिनके नाम क्रमशः सुमन सिंह, अर्जुन सिंह ,दिग्विजय सिंह ,रंजीत यादव ,बजरंगी शर्मा, विकास शर्मा, सत्यम यादव, अनिरुद्ध सिंह, अनिल कुमार सिंह(विवाह संयोजक) अखंड प्रताप सिंह, रितेश सिंह, प्रमोद सिंह, उपेंद्र सिंह ,पंकज सिंह ,अमन सिंह ,मनोज सिंह अन्हारी बारी ,मनोज सिंह उसका ,रितेश कुमार सिंह, दुर्गेश सिंह और राहुल प्रताप सिंह ने 85 वीं बार रक्तदान किया ।इस रक्तदान शिविर के सफल समापन पर रजनीश सिंह जनवार प्रभारी राष्ट्रीय सैंथवार मल्ल स्वाभिमान मोर्चा ब्लड डोनर क्लब ने सभी रक्तदानी भाई बहनों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

भाजपाइयों ने अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष शाही फैजान खान का किया जोरदार स्वागत

दैनिक बुद्ध का सन्देश

हाटा/कुशीनगर। भारतीय जनता पार्टी में पदाधिकारियों और सदस्यों के नवगठित प्रक्रिया के क्रम में नगर पालिका परिषद हाटा वार्ड नं 23 बाजार खास के रहने वाले शाही फैजान खान को भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। भाजपा द्वारा जिलाध्यक्ष की घोषणा के बाद शाही फैजान खान को बधाई देने वालों का तांता लग गया। शाही फैजान खान लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में विशेष कार्यकर्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए योगदान देते रहे हैं।शाही फैजान खान ने कहा है कि भाजपा द्वारा जो भी पद मुझे दिया गया है।मैं उस पद का सम्मान करते हुए पार्टी के नीतियों

को आम जनमानस तक पहुचाने का कार्य करूँगा ।ताकि पार्टी को और मजबूती मिल सके, जिससे आने वाले आगामी विधानसभा चुनाव 2022 में पार्टी की जीत सुनिश्चित हो,साथ ही उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों सहित अपने शुभचिंतकों का भी आभार व्यक्त किया है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शाही फैजान खान अल्पसंख्यक मोर्चा कुशीनगर का प्रथम आगमन पर जगह जगह स्वागत हुआ 15 मील, सुकरौली,ढ़ाढा बुजुर्ग ,हाटा नगर के कप्तानगंज चौराहा, नगरपालिका भ्रमण,साखोपार, भाजपा पार्टी मुख्यालय रविंद्रनगर धुस, कुशीनगर विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी के आवास कुशीनगर इस दौरान नपा अध्यक्ष मोहन वर्मा, बरही स्टेट भाजपा युवा नेता आदित्य प्रताप सिंह,युवा भाजपा नेता अभय प्रताप राव, सन्तोष श्रीवास्तव, मण्डल अध्यक्ष हाटा उदयभान कुशवाहा, सभासद हामिद अंसारी, मनोनीत सभासद मुंशी सिंह,बूथ अध्यक्ष सुबास सिंह, अमरनाथ यादव,रितेश नाथानी, क्षेत्रीय कार्य समिति सदस्य अल्पसंख्यक मोर्चा कमालुद्दीन खान, मारूफ खान,तौफीक खान,निजामुद्दीन,अभिजीत,अक्षय,नादिर खान नदीम,अरबाज मेराज, अदनान, बाबू चकमा, धीरज यादव आदि मौजूद रहे।

ब्राह्मण महासभा ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में बांटा राशन सामग्री

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित श्याम नारायण चौबे के मार्गदर्शन में ब्राह्मण महासभा ने बटवाया बाढ़ प्रभावित जरूरतमंदों को राशन सामग्री लगभग 150 लोगों को सदर विधानसभा के ग्रामसभा टड़िया बाजार,सेमरा आदि तथा विधानसभा बाँसी के ग्राम डडवाघाट,मेंचुका क्षेत्र में लोगों को ब्राह्मण महासभा एवं उनके टीम के सदस्यों के द्वारा राहत सामग्री वितरित किया गया।उपस्थित लोगों में सुधीर पांडेय,सिद्धार्थ शुक्ला,विनय पंडित,वासुदेव पांडेय,अमरनाथ पांडेय,गोपाल मिश्र बजरंगी संतोष प्रधान,रोहित त्रिपाठी,नीरज मणि त्रिपाठी,गणेश शुक्ल,हिमांशु मिश्र,प्रिंस दुबे,विशाल शुक्ला,विजय भान मिश्रा,पं.चंद्रकांत चतुर्वेदी,हिमांचल,बजरंगी, योगेंद्र मिश्रा बब्बू मिश्रा आदि रहे।

गोला क्षेत्र के बाढ पीड़ितों की मुख्यमंत्री ने पोछे आंसू

गोला क्षेत्र के बाढ़ पीड़ितों में मुख्य मंत्री ने किया राहत सामग्री का वितरण

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोला/गोरखपुर। वी एस ए वी इंटर कॉलेज गोला में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री परम पूज्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज ने बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित किए मंच पर उपस्थित होकर लोगों के सुख दुख का हाल जाना और लोगों को हर संभव मदद करने का आश्वासन भी दिया। पुर्व मंत्री राजेश त्रिपाठी ने प्रदेश में हो रहे विकास तथा यशस्वी मुख्यमंत्री के द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष माननीय युधिष्ठिर सिंह ,महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष आदरणीय अस्मिता चन्द , जिला महामंत्री सबल सिंह ,कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन ,पूर्व जिला उपाध्यक्ष कमलेश पटेल ,जिला मंत्री स्वतंत्र सिंह ,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जिला पंचायत सदस्य मायाशंकर शुक्ल ,हिंदू युवा वाहिनी के उपाध्यक्ष रतन प्रकाश दुबे, नगर पंचायत गोला की चेयरमैन लालती देवी, मंडल अध्यक्ष संतोष तिवारी उपस्थित रहे तथा मंच का संचालन नित्यानंद मिश्र ने किया।

धुमधाम के साथ मनाया गया शिक्षक दिवस

समाज का मार्गदर्शन करते हैं शिक्षक:जे.के.जायसवाल

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोला/गोरखपुर। शिक्षक दिवस के अवसर पर बीएसएन ग्लोबल स्कूल शाहपुर के तत्वावधान में रविवार को विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। निबंध प्रतियोगिता में आलोक कुमार, निधि गुप्ता और जयहिंद ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में रोहित कुमार, साधना और नेहा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके बाद छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों ने शिक्षकों को पेन, डायरी के साथ ही नीम,आम,अमरुद,नींबू आदि के

पौधे उपहार में दिए। इस अवसर पर बच्चों और शिक्षकों विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया।विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक जे.के. जायसवाल ने कहा कि शिक्षक को समाज का सजग प्रहरी होना चाहिए। अपने आचरण, व्यवहार से शिक्षक समाज का मार्गदर्शन करते हैं।शिक्षक से बड़ा कोई नहीं। ज्ञान, दान, यज्ञ, आदि कार्यों में गुरु की जरूरत होती है। इसलिए शिक्षक का दर्जा भगवान से ऊपर माना गया है।डाक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने शिक्षा के उत्थान में अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनके सपनों के भारत को धरातल पर लाने का प्रयास करना हम सब शिक्षको का दायित्व है।वर्तमान के आधार को मजबूत करते हुए, भविष्य के आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को चरितार्थ करने व भारत को आगे बढ़ाने के सपनों को अपनी आँखों में भर कर निरंतर आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा व भाव जागृत का आधार भी शिक्षक ही होता है। शिक्षिका चंद्रमती यादव ने कहा कि शिक्षक बच्चों की कमजोरियों को दूर करते हुए उन्हें शिखर पर ले जाने का कार्य करता है और किसी भी विद्यार्थी के साथ भेदभाव नहीं रखता।इस अवसर पर दीपक सिंह, वर्षा श्रीवास्तव, चंद्रमति यादव, सुमन, आदि मौजूद रहे।

किसानों के धरने का जिम्मेदार कौन ?

जमीन का मुआवजा न मिलने पर सड़क निर्माण रोका

दैनिक बुद्ध का सन्देश

पकड़ी बाजार। शनिवार को ग्राम पंचायत भपसी और बैजनथा के ग्रामीणों ने बंधा निर्माण में निकली भूमि के मुआवजे की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। साथ ही बंधे पर लोक निर्माण विभाग की ओर से कराए जा रहे सड़क के निर्माण को रोक दियज्ञं भैसहवा सरहद से लेकर बैजनथा सरहद तक सिंचाई विभाग की ओर से बंधे का निर्माण किया गया था। उस समय भपसी और बैजनथा गांव के लोगों का खेत बंधे में चला गया था। उस समय सिंचाई विभाग की ओर से किसानों की जमीन का मुआवजा देने के लिए कहा गया था, लेकिन अब तक किसानों को अपनी भूमि का मुआवजा नहीं मिला है। दोनों गांव के ग्रामीणों का कहना है कि अपनी भूमि के मुआवजे की मांग करते हुए हम लोग विभाग के अधिकारियों से कई बार कह चुके हैं। इसके बाद भी अभी तक किसी का मुआवजा विभाग ने नहीं दिया है। इसका जिम्मेदार कौन ? कोई भी बताने को तैयार नही। प्रधान के प्रतिनिधि ओम प्रकाश जायसवाल, प्रधान दुर्गा प्रसाद, चंद्रशेखर चौधरी, गुड्डू चौधरी, श्याम चौधरी, गोविंद, राजू मौर्या, मंतराम, अश्विनी, जमीरूलाह, आत्मा प्रसाद, रामसरुप, पिंटू चौधरी ने उच्चाधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से यथाशीघ्र न्याय दिलाने की मांग की है। अवर अभियंता अशोक कुमार ने बताया कि भपसी और बैजनथा गांव के लोगों की मांग जायज है।

सम्पादकीय

इस मामले में देर से ही सही, योगी सरकार ने प्राधिकरण के भ्रष्ट अधिकारियों को दंडित करने की बात कही है। यदि इस मामले में सख्त कार्रवाई होती है तो बिल्डरों–अधिकारियों का अपवित्र गठजोड़ टूटेगा। सरकार को भी रियल एस्टेट सेक्टर के निर्माण में पारदर्शिता लाने के ...

सख्त संदेश

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में नोएडा स्थित सुपरटेक लिमिटेड द्वारा बनाये दो अवैध चालीस–चालीस मंजिला टावरों को गिराये जाने का सुप्रीम कोर्ट का आदेश देश भर के उन बिल्डरों व भ्रष्ट अधिकारियों के लिये बड़ा सबक है जो उपभोक्ताओं की खून–पसीने की कमाई से खिलवाड़ करके मोटी कमाई कर रहे हैं। दरअसल, तमाम कायदे–कानूनों को ताक पर रखकर बने इन टावरों के बनने से जनसुरक्षा और परिवेश के पर्यावरण से जुड़े पहलुओं पर खतरा पैदा हो गया था। महत्वपूर्ण बात यह है कि रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने इसके लिये लंबी लड़ाई लड़ी। कोर्ट ने न केवल बहुमंजिला इमारतों को तीन माह में गिराने का आदेश दिया बल्कि घर के खरीदारों को बुकिंग के समय से उनकी देय राशि बारह फीसदी ब्याज के साथ दो महीने में चुकाने का आदेश भी दिया है। साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार से उन भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है, जिनकी मिलीभगत से भ्रष्टाचार की ये इमारतें खड़ी हो सकी हैं। दरअसल, इससे पहले अवैध रूप से बनी बहुमंजिला इमारतों को गलत ढंग से बनाये जाने से हवा, धूप व जीवन अनुकूल परिस्थितियां न होने पर रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में मामला दायर किया था। वर्ष 2014 में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इन टावरों को गिराने के आदेश दिये थे। लेकिन इसके बाद बिल्डर राहत पाने की आस में सुप्रीम कोर्ट चले गये। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने बिल्डरों व नोएडा विकास प्राधिकरण की दलीलों को खारिज करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को ही लागू करने के आदेश दिये। साथ ही बिल्डरों को अपने खर्च पर टावर गिराने के भी आदेश दिये। दरअसल, प्राधिकरण के अधिकारियों की मिलीभगत से तमाम नियम–कानूनों को ताक पर रखा गया। बताते हैं कि प्राधिकरण की अनुमति मिलने से पहले ही इमारत का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया था। बिना अधिकारियों की मिलीभगत ऐसा कैसे संभव है कि प्राधिकरण की नजर के सामने भवन निर्माण तथा उत्तर प्रदेश अपार्टमेंट एक्ट की अनदेखी होती रही हो? दरअसल, यह पहला मामला नहीं है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और देश के तमाम भागों में इस किस्म की बहुमंजिला इमारतों में नागरिक जीवन, सुरक्षा और हितों की अनदेखी के साथ ही पर्यावरण से जुड़े मुद्दों को ताक पर रख दिया गया हो। सुपरटेक की बिल्डिंग के निर्माण में हरित क्षेत्र और खुले एरिया की अनदेखी को लेकर रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने बार–बार आवाज उठायी। शीर्ष अदालत ने स्वीकार किया कि जब प्राधिकरण बिल्डरों की मनमानी पर अंकुश लगाने में विफल रहता है तो इससे सीधे–सीधे नागरिक जीवन की गुणवत्ता बाधित होती है। लेकिन भ्रष्ट अधिकारियों से मिलीभगत करके बिल्डरों का निरंकुश खेल विभिन्न आवासीय परियोजनाओं में बदस्तूर जारी रहता है। निस्संदेह खून–पसीने की कमाई से घर का सपना देखने वाले लोगों के जख्मों पर मरहम लगाने के लिये दोषियों को दंडित किया जाना चाहिए। तभी भविष्य में इस अपवित्र गठबंधन की गांठें खुल सकेंगी। लोग पेट काटकर और बैंकों व वित्तीय संस्थाओं से ऋण लेकर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में अपनी छत का सपना देखते हैं। लेकिन अधिकारियों से मिलीभगत करके बिल्डर उनके स्वप्न को दुरूस्वप्न में बदल देते हैं। निस्संदेह, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की पहल और अदालत के फैसले से देश में तमाम ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी के सदस्यों में अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। वे अपने हितों के लिये संघर्ष करेंगे। साथ ही शेष भारत के बिल्डरों के लिये भी कोर्ट के फैसले से सख्त संदेश जायेगा कि भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत से वे चाहे कितने ही ऊंचे भ्रष्टाचार के टावर खड़े कर लें, एक दिन उन्हें जमींदोज होना ही पड़ेगा।

बड़े धोखे हैं इस राह में

प्रदीप उपाध्याय

अंततरू तालिबान ने भारत को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेज ही दी, जैसी कि संभावना थी। भारत की तरफ से दबी जुबान में यह जरूर कहा जा रहा है कि मेरे दुश्मन तू मेरी दोस्ती को तरसे, मुझे गम देने वाले तू खुशी को तरसे। माना कि चीन और पाकिस्तान बिछे चले जा रहे हैं लेकिन तालिबान है कि भारत से नैन मटक्का करना चाह रहा है। उन्होंने सोचा था कि मछली को जाल में वे फंसा रहे हैं। यही सोचकर उन्होंने डोरे डाले थे लेकिन उसके मगरमच्छ होने की अभी तक वे कल्पना भी नहीं कर पाए हैं। इधर मेरे एक मित्र के पास भी फ्रेंड रिक्वेस्ट आई है। जिस तरह से भारत को तालिबान पर भरोसा नहीं है, ठीक उसी तरह मेरे मित्र को उस दोस्ती के स्नेह निमंत्रण पर भरोसा नहीं है। उनको भी लग रहा है कि दोस्ती के जाल में वे ही क्यों! और फिर उसकी कीमत कितनी चुकानी पड़ेगी! क्या पता तालिबान की तरह बाद में खूंखार रूप दिखा दे। मैं समझ नहीं पा रहा हूं कि तालिबान की तरह ही आखिर उस स्नेहीजन ने यह कैसे सोच लिया कि भारत की तरह वे लोनलीनेस फील कर रहे हैं! अरे भाई, भरा–पूरा परिवार है, हंसती–खेलती दुनिया है। फिर उन पर ही यह नजरें इनायत क्यूं। उधर भारत पसोपेश में है कि इस फ्रेंड रिक्वेस्ट पर क्या प्रतिक्रिया दे और इधर मेरे मित्र भी सोच में पड़ गये हैं कि करें तो क्या करें! अब दोस्ती का स्नेह निमंत्रण है और सामने वाली कह रही है कि वह आपका अकेलापन दूर कर देगी। आपकी निजता का पूरा–पूरा ध्यान रखेगी। तब ऐसे में भरे–पूरे परिवार वाला भी अकेलापन महसूसते हुए ऐसी दोस्ती को हंसत–हंसते कुबूल फरमाना चाहेगा। लेकिन क्या पता तालिबान की तरह बाद में दुश्मन देश चीन–पाकिस्तान जैसों की बाहों में झूल जाए! उधर तालिबान जैसे की दोस्ती का प्रस्ताव, जिसने अमेरिका जैसे को धूल चटा दी, भेजे तो गर्व से सीना चौड़ा करने का जी चाहता है। लेकिन जैसा कि कहा गया है कि श्गुरु कीजै जान के और पानी पीजै छान केय की तर्ज पर ही श्दोस्ती कीजै जान केय का गुरु ज्ञान बचपन में बड़े बुजुर्गों से मिलता रहा है लेकिन जिस तरह से क्रिकेट में बाहर की ओर निकलती बाल धाकड़ बैट्समैन को भी ललचा देती है और वह स्लिप में खड़े फील्डर को आसान–सा कैच थमा बैठता है, ठीक उसी तरह फिसलने और गलती कर जाने के अवसर जाने–अनजाने बन ही जाते हैं। बाद में आउट हो जाने के साथ पछताने के अलावा कुछ नहीं रहता। तब फिर इन दोनों को क्या करना चाहिए। क्या दोस्ती के आफर को ठुकरा देना चाहिए या कि आजमा लेना चाहिए। कितने तो इस्लामी देश हैं और फिर पड़ोसी चीन और पाकिस्तान तो सरपरस्त हैं ही तब फिर भारत को ही फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजने के पीछे क्या भेद है और इधर मित्र को स्नेह का खुला व्यक्तिगत निमंत्रण! बस इतना ही कह सकते हैं– श्बाबूजी धीरे चलना, दोस्ती में जरा सम्भलना, बड़े धोखे हैं, इस राह में, जरा संभलना।

फौलादी इरादे-पैर से सोने का संधान

शुरुआत में कोच वीरेंद्र धनखड़ ने उनका मनोबल बढ़ाया और दिल्ली के साई सेंटर लेकर पहुंचे। इस बार के ओलंपिक में भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज चोपड़ा को आंतिल अपनी प्रेरणा मानते हैं। जब नीरज ने गोल्ड जीता तो सुमित को लगा कि मैं भी गोल्ड जीत सकता हूं। सुमित को इस बात का मलाल रहा कि वह नीरज की तरह भारतीय सेना में नहीं जा सके। लेकिन नीरज के पदक जीतने ...

अरुण नैथानी

उस व्यक्ति के सपनों के संघर्ष का अंदाजा सहजता से लगाया जा सकता है, जिसने अल्पायु में पिता को खो दिया और फिर किशोरावस्था में हुई दुर्घटना में अपना एक पांव गंवा दिया हो। कभी उसकी इच्छा देश के लिये कुश्ती में ओलंपिक पदक लाने की थी। जब एक पांव गंवाना पड़ा तो यह सपना भी अधूरा रह गया। फिर कुश्ती के लिये पदक जीतने का सपना टूट जाने पर उसने नई खेल विधा में अपना भविष्य संवारने का संकल्प लिया। उसने संकल्प लिया कि वह पैरा खेलों में अपनी ऊर्जा लगाएगा। फिर दृढ़ निश्चय और मेहनत से उसने जीवन का संकल्प पूरा किया। सुमित आंतिल के संकल्प की यह कहानी इस बार के टोक्यो पैरालंपिक में तब हकीकत बनी जब उसने कई रिकॉर्ड बनाते हुए भाला फेंक में देश की झोली में सोने का पदक डाल दिया। निस्संदेह, एक पैरा ओलंपिक खिलाड़ी का संघर्ष एक सामान्य खिलाड़ी से कई गुना ज्यादा होता है। एक तो उसे शारीरिक अपूर्णता के खिलाफ संघर्ष करना होता है, दूसरे शरीर के अनुरूप खेल सुविधाएं न होने का दंश भी झेलना पड़ता है। विडंबना यह है कि हम पैरा खिलाडियों की उपलब्धियों को तरजीह नहीं देते। जबकि वे भी पैरा स्पर्धाओं में उसी विश्व स्तर की प्रतियोगिता का सामना करते हैं। हमें इस सवाल पर आत्ममंथन करना चाहिए कि क्या हम ओलंपिक में भाला स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज चोपड़ा के जैसा ही सम्मान पैरालंपिक में भाला स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले सुमित आंतिल को देंगे? जबकि दोनों ही खिलाड़ी विश्व स्तर के मुकाबले का सामना करते हैं। दोनों ही देश की यश–कीर्ति की पताका फहराते हैं।

बहरहाल, पैरालंपिक 2020 में सुमित ने नया इतिहास रच दिया। उन्होंने दो विश्व रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता है। सोनीपत, हरियाणा के सुमित ने पुरुषों की एफ–64 स्पर्धा में अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ते हुए यह कामयाबी हासिल की। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने पांचवें प्रयास में 68.55 मीटर भाला फेंककर विश्व रिकॉर्ड बनाया। दरअसल, जब सुमित बारहवीं कक्षा में था तब एक सड़क हादसे में उसकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। डॉक्टरों को उनकी जान बचाने के लिये उनके बायें पैर के घुटने के नीचे के हिस्से को काटना पड़ा। वे अब कृत्रिम पैर लगाकर खेलते हैं। इस हादसे के बाद उनके ही गांव के एक पैरा एथलीट ने वर्ष 2018 में उन्हें इस खेल के बारे में बताया था। सुमित नीरज चोपड़ा को अपना आदर्श मानते रहे हैं। इस साल मार्च में जब पटियाला में इंडियन ग्रां पी सीरिज आयोजित की गई तो वे नीरज चोपड़ा के खिलाफ खेले थे और 66.43 के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ सातवें स्थान पर रहे थे। वर्ष 2019 में दुबई में आयोजित विश्व चौंपियनशिप में एफ–64 स्पर्धा में रजत पदक जीतने में कामयाब रहे थे, जिसके चलते उनका टोक्यो पैरालंपिक के लिये टिकट पक्का हो पाया। टोक्यो पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले सुमित कहते हैं कि उन्होंने अभी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया है। अभी 23 साल के सुमित का बहुत खेल बाकी है और निश्चित रूप से वे देश की उम्मीदों के प्रतीक हैं। सुमित कहते भी हैं कि यह मेरा पहला पैरालंपिक था, इस वजह से मैं कुछ नर्वस था। मेरी सोच थी कि मेरा थ्रो कम से कम 70 मीटर तक जायेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। विश्व रिकॉर्ड बनाकर भी मैं संतुष्ट नहीं हूं। कभी सुमित पहलवानी में अपनी किस्मत आजमाना चाहते थे। वे कहते हैं– श्मेरे इलाके के परिवार हर किसी को पहलवानी में उतरने के लिये मजबूर करते थे। मैंने सात साल की उम्र में कुश्ती के दांवपेच आजमाने शुरू कर दिये थे।श्य वे पांच साल तक कुश्ती खेलते रहे। लेकिन दुर्घटना ने उनकी कुश्ती भी छीन ली। सुमित मानते हैं कि वे इतने अच्छे पहलवान नहीं थे। इस हादसे ने उनकी जिंदगी बदल दी। जब वे स्टेडियम में पैरा एथलीटों को देखने गये तो उन्हें सलाह दी गई कि उनका शरीर सौष्ठव अच्छा है, तुम पैरालंपिक में अपनी किस्मत आजमा सकते हो। आज जब सुमित का सपना पूरा हुआ है तो वह बेहद खुश है। दरअसल, अर्जुन अवार्डी कोच नवल सिंह के कहने पर सुमित ने जैवलिन थ्रो खेलना आरंभ किया था। पहले–पहल एशिया चौंपियनशिप में वह बहुत कुछ न कर सके, लेकिन 2019 की विश्व चौंपियनशिप ने उनकी किस्मत बदल दी। सोनीपत के खेवड़ा गांव का सुमित आज पूरी दुनिया में अपनी कामयाबी की धूम मचा रहा है। इस सफलता से वह उस दर्द को भूल गया जो उसने महीनों अस्पताल में बिताने पर महसूस किया था। इसके बाद वर्ष 2016 में पुणे में कृत्रिम पैर लगा तो उसका विश्वास बढ़ा। शुरुआत में कोच वीरेंद्र धनखड़ ने उनका मनोबल बढ़ाया और दिल्ली के साई सेंटर लेकर पहुंचे। इस बार के ओलंपिक में भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज चोपड़ा को आंतिल अपनी प्रेरणा मानते हैं। जब नीरज ने गोल्ड जीता तो सुमित को लगा कि मैं भी गोल्ड जीत सकता हूं। सुमित को इस बात का मलाल रहा कि वह नीरज की तरह भारतीय सेना में नहीं जा सके। लेकिन नीरज के पदक जीतने से मुझे मानसिक ताकत मिली। वे बताते हैं कि ट्रेनिंग के दौरान नीरज ने कहा था कि आपके अंदर पावर काफी है, बस आपको भाला फेंकने की तकनीक पर ध्यान देना है। फिर मैंने कोच नवल सिंह व वीरेंद्र धनखड़ की देखरेख में तकनीक पर ज्यादा ध्यान केंद्रित किया। फिर अच्छी तैयारी से मैं सोने का पदक ला सका। ये पदक नीरज चोपड़ा और मेरे कोचों को समर्पित है।

उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष 2021–22 की पहली तिमाही में जो ऐतिहासिक वृ(दर देखने को मिली है, उसे आगे भी बढ़ाए रखने के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएंगे। चालू वित्त वर्ष के बजट का कार्यान्वयन उपयुक्त रूप से किया जाएगा। चालू वित्त वर्ष के बजट के अलावा सरकार ने कोरोना की दूसरी लहर से जंग के लिए जो वित्तीय राहत पैकेज घोषित किए हैं, उनका भी कारगर तरीके ...

विकास दर में दीर्घकालीन वृद्धि के हों प्रयास

जयंतीलाल भंडारी

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी किए गए हालिया आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष 2021–22 की पहली तिमाही यानी अप्रैल से जून में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ने 20.1 फीसदी की विकास दर बताई है। देश के इतिहास में पहली बार विकास दर में 20 फीसदी से ज्यादा बढ़ोतरी दर्ज हुई है। पिछले वित्त वर्ष 2020–21 की समान तिमाही में जीडीपी में 25.4 फीसदी की गिरावट आई थी।

गौरतलब है कि चालू वित्त वर्ष 2021–22 की पहली तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र में 49.6 फीसदी उछाल आई है। निर्माण गतिविधियों में 68.3 फीसदी की शानदार वृद्धि हुई है। व्यापार, होटल, परिवहन क्षेत्र में 34.3 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि वित्तीय, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाओं में पहली तिमाही के दौरान 3.7 फीसदी की वृद्धि देखी गई है। कृषि और संबंधित गतिविधियों में पहली तिमाही में 4.5 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है।

निश्चित रूप से जीडीपी के आंकड़े अर्थव्यवस्था में तेज सुधार के संकेत देते हैं। वित्त वर्ष 2021–22 की पहली तिमाही ही वह अवधि थी जब देश में कोविड–19 महामारी की दूसरी घातक लहर आई और आर्थिक व कारोबारी गतिविधियां ढह गई थीं। लेकिन इस बार देशव्यापी लॉकडाउन नहीं लगा। प्रादेशिक स्तर पर लॉकडाउन जैसे कदम उठाए गए। साथ ही कई अहम आपूर्ति शृंखलाएं लगातार कार्यरत रहीं। ऐसे में भारत ग्रुप–20 देशों में सबसे तेजी से विकास दर बढ़ाने वाला देश बन गया है। भारत की विकास दर अगले साल तक महामारी के पूर्व स्तर पर पहुंच सकती है।

यकीनन कोरोना संक्रमण से निर्मित आर्थिक मुश्किलों के बीच चालू वित्त वर्ष 2021–22 की पहली तिमाही में जीडीपी को बढ़ाने में चार अनुकूलताएं लाभप्रद रही हैं। एक, मजबूत कृषि विकास दर, रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन व रिकॉर्ड कृषि निर्यात। दो, रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा विदेशी मुद्रा भंडार। तीन, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का रिकॉर्ड प्रवाह। चार, तेजी से बढ़ता हुआ शेयर बाजार । निश्चित रूप से देश में कृषि क्षेत्र को उच्च प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाए जाने के लाभ मिले हैं। स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि पिछले तीन वर्षों में कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर लगातार बढ़ी है। यह 2019–20 की पहली तिमाही में 3.3 फीसदी थी। पिछले वर्ष की पहली तिमाही में 3.5 फीसदी व इस वर्ष की पहली तिमाही में 4.5 फीसदी है। कृषि क्षेत्र से निर्यात भी तेजी से बढ़ा है। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के मुताबिक चालू फसल वर्ष 2020–21 में कोरोना की आपदा के बावजूद देश में खाद्यान्न की कुल पैदावार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचते हुए 30.86 करोड़ टन अनुमानित है। यह खाद्यान्न पैदावार पिछले वर्ष की कुल पैदावार 29.75 करोड़ टन के मुकाबले अधिक है। इतना ही नहीं, भारत दुनिया में खाद्य पदार्थों की आपूर्ति हेतु एक सुसंगत और विश्वसनीय निर्यातक देश के रूप में उभरकर सामने आया है। पिछले वित्त वर्ष 2020–21 के दौरान देश से 41.25 अरब डॉलर मूल्य के कृषि एवं संबद्ध उत्पादों का निर्यात किया गया। यह सालभर पहले की इसी अवधि के 35.15 अरब डॉलर मूल्य की तुलना में 17.34 फीसदी ज्यादा रहा है।

निरूसंदेह देश में बढ़ते हुए विदेशी निवेश के प्रवाह से भी विकास दर बढने में मदद मिली है। यद्यपि अप्रैल से जून 2021 की तिमाही में दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं में बड़ी गिरावट थी, इसके बावजूद विदेशी निवेशकों द्वारा भारत को एफडीआई के लिए प्राथमिकता दी गई । साथ ही भारत का विदेशी मुद्रा कोष बढ़ता गया। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक विगत 20 अगस्त को देश का विदेशी मुद्रा भंडार 616.89 अरब डॉलर की ऐतिहासिक रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है और भारत दुनिया में चौथा सबसे बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार रखने वाला देश बन गया है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि देश के विशाल आकार के विदेशी मुद्रा भंडार से जहां भारत की वैश्विक आर्थिक साख बढ़ी है, वहीं इस भंडार से देश की एक वर्ष से भी अधिक की आयात जरूरतों की पूर्ति की जा सकती है। अब देश का विदेशी मुद्रा भंडार देश के अंतर्राष्ट्रीय निवेश की स्थिति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। पिछले पांच वर्षों में विदेशी मुद्रा भंडार तेजी से बढ़ा है।

निरूसंदेह शेयर बाजार का भी जीडीपी को बढ़ाने में अहम योगदान है। वर्ष 2021–22 की पहली तिमाही में शेयर बाजार तेजी से बढ़ा है। दुनिया के कई देशों की तुलना में भारत का शेयर बाजार छलांगे लगाकर आगे बढ़ते हुए दिखाई दे रहा है। बाम्बे स्टाक एक्सचेंज (बीएसई) सेंसेक्स 31 अगस्त को पहली बार 57000 के ऊपर बंद हुआ है। शेयर बाजार में आईपीओ लेने की होड़ मची हुई है। शेयर बाजार में छोटे निवेशकों की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। देश में डीमैट खातों की संख्या 6.5 करोड़ से ज्यादा हो गई है। निरूसंदेह जीडीपी के चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही के आंकड़ों के अनुसार कोविड–19 की चुनौतियों के बीच आर्थिक अनुकूलताओं से अर्थव्यवस्था में सुधार आने लगा है। अप्रैल से जून 2021 की तिमाही के घटकों से भी आशावाद की किरणें नजर आती हैं। अगस्त 2021 में जीएसटी संग्रह 1.12 लाख करोड़ रुपये रहा है। अर्थव्यवस्था के विभिन्न मूल क्षेत्र मसलन बिजली और विनिर्माण आदि में उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिल रही है। वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री और स्टील की खपत में भी प्रगति देखी गई है। चूंकि अभी कोविड–19 की तीसरी लहर की आशंका के बीच आर्थिक और औद्योगिक चुनौतियां बनी हुई हैं। ऐसे में चालू वित्त वर्ष में विकास दर को बढ़ाने के और अधिक रणनीतिक प्रयास जरूरी हैं। देश में आशा के अनुरूप मानसून की बारिश नहीं होने के कारण अब खरीफ की फसलों पर अधिक ध्यान देने से कृषि जीडीपी की बढ़त जारी रह सकेगी। इस बात पर भी ध्यान दिया जाना होगा कि इस समय कोरोना टीकाकरण लक्ष्य के अनुरूप ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचे। निजी खपत और उपभोक्ता विश्वास को बढ़ावा देने के लिए महंगाई में कमी करना जरूरी है। पेट्रोल–डीजल पर टैक्स घटाने पर विचार करना होगा। निजी क्षेत्र को निवेश बढ़ाने के लिए विशेष रूप से प्रोत्साहन देना होगा। देश में लोगों की खर्च संबंधी धारणा को बेहतर बनाया जाना होगा। देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए जरूरी है कि इसके विशाल उपभोक्ता बाजार में बुनियादी जरूरतों के लिए अधिक खर्च करने की चाह पैदा की जाए। सरकार द्वारा नयी मांग के निर्माण हेतु लोगों की क्रयशक्ति बढ़ाने के लिए रणनीतिक रूप से कदम आगे बढ़ाया जाए। उद्योग–कारोबार को और अधिक गतिशील करने के लिए जीएसटी संबंधी जो बाधाएं आ रही हैं, उन्हें दूर किया जाए।

उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष 2021–22 की पहली तिमाही में जो ऐतिहासिक वृद्धि दर देखने को मिली है, उसे आगे भी बढ़ाए रखने के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएंगे। चालू वित्त वर्ष के बजट का कार्यान्वयन उपयुक्त रूप से किया जाएगा। चालू वित्त वर्ष के बजट के अलावा सरकार ने कोरोना की दूसरी लहर से जंग के लिए जो वित्तीय राहत पैकेज घोषित किए हैं, उनका भी कारगर तरीके से क्रियान्वयन किया जाएगा। निश्चित रूप से ऐसे प्रयासों से चालू वित्तीय वर्ष 2021–22 के अंत में विकास दर वैश्विक अनुमानों के मुताबिक 9 से 10 फीसदी के स्तर पर पहुंचते हुए दिखाई दे सकेगी।

नौ लोगों के विरुद्ध बलवा, मारपीट व लूट का मुकदमा

रामपुर कारखाना, देवरिया । रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के केसरपुर में शौचालय की टंकी बनाने को लेकर दो पक्ष में मारपीट हुई। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले में नौ लोगों के विरुद्ध घर में घुसकर मारपीट करने व बलवा सहित लूट का मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के केसरपुर निवासी मुजम्मिल पुत्र बहाव द्वारा शौचालय की टंकी का निर्माण कराया जा रहा था। जिसको लेकर के विपक्षी द्वारा लाठी, लोहे की राड लेकर पीड़ित के दरवाजे पर गाली देने लगे तथा मारने–पीटने लगे। मारपीट के बाद जब पीड़ित बेहोश हो गया तो वादी के लड़के व परिवारवालों को भी घर में घुसकर मारा पीटा। पत्नी सलमा के गले से सोने की चेन भी छीन लिया गया। पीड़ित ने घटना की जानकारी मुकामी पुलिस को तहरीर के माध्यम से दी। पुलिस ने तरवेज आलम, शमशेर आलम, नसीबूउल्लाह, इरफान उल्लाह शेख, हाजरा, सावरीन, मुन्ना, उमाकांत, जैमुद्दीन, निवासी केसरपुर रामपुर कारखाना के विरुद्ध बलवा, मारपीट व लूट का मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच में जुट गई है।

नाद रखने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, तीन घायल

खुखुंदू देवरिया। थाना क्षेत्र के बीरपुर मिश्र गांव में नाद रखने को लेकर शनिवार को दो पक्षों में मारपीट हो। गई जिसमें महिला समेत तीन घायल हो गए। लोगों के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर दी है। बीरपुर मिश्र गांव के रहने वाले महेंद्र ठाकुर व संजय के बीच नाद रखने को लेकर कहासुनी होने लगा। इसी बीच विवाद बढ़ गया और मारपीट हो गई। जिसमें सुभावती देवी, बेटी बबिता व महेंद्र शर्मा घायल हो गए। स्वजन के सहयोग से घायलों का इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया और इसकी सूचना पुलिस को दी। थानाध्यक्ष अनिल कुमार यादव ने बताया मारपीट की सूचना मिली है। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

अज्ञात वाहन की ठोकर से मजदूर की मौत

इंदूपुर, देवरिया रू देवरिया–गोरखपुर मुख्य मार्ग पर शंकरजी के मंदिर के समीप शनिवार की सुबह अज्ञात वाहन की ठोकर से साइकिल सवार मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया। क्षेत्र के कर्माजीतपुर निवासी रामा प्रजापति उम्र 35 पुत्र राम प्रताप साइकिल से मजदूरी करने देवरिया जा रहे थे। अभी मुख्य मार्ग पर शंकरजी के मंदिर के समीप सड़क पार कर रहे थे कि विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ठोकर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप आए घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की दो पुत्रियां खुशी व ज्योति व एक पुत्र शिवा है। पत्नी ज्ञांती का रो–रोकर बुरा हाल है। रामा मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करते थे।

ट्रेन से कटकर युवक की मौत

भटनी, देवरिया। भटनी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सुबह स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर एक युवक का शव जीआरपी भटनी ने बरामद किया। मृतक युवक की पहचान प्लेटफार्म नंबर चार के एक बेंच पर रखे गए बैग की तलाशी के दौरान मिले शैक्षणिक प्रमाणपत्र व अन्य कागजातों के माध्यम से हुई। मृतक कोतवाली सलेमपुर के ग्राम पुरैना निवासी सत्यपाल उर्फ पप्पू पुत्र रामनारायण के रूप में हुई। पहचान होने के बाद जीआरपी थाना प्रभारी संजय यादव ने मृतक के स्वजन को सूचना दिया। स्वजन मौके पर पहुंचे और उसकी पहचान की ।

धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

भटनी, देवरिया। भटनी थाना क्षेत्र के नगर पंचायत क्षेत्र के हतवा नकहनी भटनी निवासी प्रेम शंकर भारती पुत्र स्वर्गीय योगेंद्र भारती की तहरीर पर सलेमपुर कोतवाली थाना क्षेत्र के अनुआपार निवासी दुर्गेश कुमार कुशवाहा पुत्र रमाकांत कुशवाहा के खिलाफ भटनी थाने में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

मेगा कैंप में लगेगा 62 हजार लोगों को कोरोनारोधी टीका

देवरिया। जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन ने विकास भवन के गांधी सभागार में छह सितंबर को जिले में कोविड–19 वैक्सीनेशन के लिए मेगा कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस मेगा कैंप में कुल 413 वैक्सीनेशन सेंटर बनाया जायेगा और ग्रामीण क्षेत्रों पर विशेष फोकस रहेगा। मेगा वैक्सीनेशन कार्यक्रम के लिए वैक्सीन पर्याप्त है और 62000 नागरिकों को वैक्सीनेट करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस वैक्सीनेशन कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करें। ऐसे कई मामले देखने में आ रहे हैं। जिसमें लोग जानकारी के अभाव या अफवाह जनित सूचनाओं के चलते पहला डोज लगवाने के बाद दूसरा डोज लगवाने से कतरा रहे हैं। कहा कि जिन लोगों ने पहला डोज लगवा लिया है, वह भी दूसरा डोज लगवाने के लिए इस मेगा अभियान से जुड़ें। सीएमओ डा. आलोक पांडेय ने कहा कि कोविड–19 के लक्षण वाले मरीज सावधान रहें और जांच जरूर कराएं। । यहां मुख्य विकास अधिकारी रविंद्र कुमार, अपर जिलाधिकारी कुंवर पंकज, एसीएमओ डा सुरेन्द्र सिंह आदि अधिकारी मौजूद थे।

डीएम ने अस्पतालों का किया औचक निरीक्षण, मची खलबली

देवरिया। जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन ने एसपी डा. श्रीपति मिश्र के साथ शनिवार को तीन सरकारी अस्पतालों का निरीक्षण किया। उन्होंने कोरोनारोधी टीकाकरण, दवाएं व इलाज की हकीकत जाना। उन्होंने दवा की उपलब्धता, मरीजों के इलाज, साफ–सफाई व टीकाकरण सुचारू रूप से करने का निर्देश दिया। कहा कि इलाज में कोताही मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने खुखुंदू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सीएचसी सलेमपुर व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मझौलीराज का निरीक्षण किया। उन्होंने वार्डों के अलावा परिसर, ओपीडी आदि का जायजा लिया। संचारीध्वेक्टरजनित बीमारियों के प्रभावी नियंत्रण के लिए दवाओं व संसाधनों की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। बताया गया कि दवाओं आदि की पर्याप्त उपलब्धता है।

सरयू नदी का जलस्तर स्थिर,दुश्वारी बरकरार

देवरिया। जिले में नदियों का जलस्तर भले ही स्थिर है लेकिन सरयू व राप्ती, गोर्रा खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। रुद्रपुर तहसील क्षेत्र में गोर्रा नदी हाई फ्लड लेवल के नजदीक पहुंच रही है। बरहज इलाके में 65 घरों में बाढ़ का पानी घुस गया है। पांच हजार पशुओं के सामने हरे चारे का संकट है। प्रशासनिक इंतजाम नाकाफी है। शनिवार को सरयू नदी खतरे के निशान 66.50 मीटर से ऊपर 68.15 मीटर पर दो दिनों से स्थिर है। नदी खतरे के निशान के 1.65 मीटर ऊपर बह रही है। बरहज संवाददाता के अनुसार सरयू नदी का जलस्तर दो दिनों से स्थिर है। बावजूद इसके घरों, खेतों और मैदानी क्षेत्रों में बाढ़ का पानी फैला हुआ है। बाढ़ की मुश्किलें बरकरार है। नगर के पटेल नगर पूर्वी के 50 घरों, पटेल नगर पश्चिमी के 15 घरों में बाढ़ का पानी घुस गया है। रगरगंज मोहल्ले में लोगों के दरवाजे और सड़क पर पानी जमा है। ब्लाक कार्यालय के सामने से श्मशान घाट जाने वाला मार्ग डूब गया है। विशुनपुर देवार, परसिया देवार के टोले पानी से घिरे हैं। भदिला प्रथम गांव घिरा है। रामजानकी हाईवे पर भारी वाहनों की रोक जारी है। कपरवार तिराहे से नौकाटोला तक भारी वाहनों की कतार लगी है। रामजानकी मार्ग पर कपरवार, नौकाटोला, राजपुर, बेलडाड़, रगरगंज तक पानी सटकर बह रहा है। विशुनपुर देवार में भेजी गई राहत सामग्रीः बरहज। शनिवार को बाढ़ प्रभावित गांव विशुनपुर देवार के प्रभावित लोगों में वितरण के लिए 139 राहत पैकेट भेजा गया। जिसे रविवार को वितरित किया जाएगा। पूर्व में 110 पैकेट का वितरण किया जा चुका है। राहत पैकेट में 10 किलोग्राम आटा, 10 किलोग्राम चावल, दो किलोग्राम अरहर दाल, 500 ग्राम नमक, 250–250 ग्राम हल्दी, धनिया,मिर्च, एक लीटर रिफाइन तेल, पांच किलोग्राम लाई, दो किलोग्राम भुना चना,एक किलोग्राम गुड़,एक एक पैकेट मोमबत्ती,माचिस,10 पैकेट बिस्किट, दो–दो साबुन शामिल है। पांच हजार पशुओं के सामने चारे के संकटः बरहज। बाढ़ के कारण हरा चारा और रखा गया भूसा डूब जाने से पशुओं के लिए चारे की समस्या उत्पन्न हो गई है। गोरखपुर जनपद के पटना,पौहरिया, कोलखास के पशुपालक अपने पशुओं को बरहज तहसील क्षेत्र के ग्राम कपरवार में लेकर आए हैं। यहां डीह, खेतों में चरा रहे हैं। ग्राम विशुनपुर देवार में करीब 1100, भदिला प्रथम में 520, परसिया देवार में 3000 पशु हैं। यहां के टोले बाढ़ के पानी से घिरे हैं। पशुधन प्रसार अधिकारी अशोक कुमार पांडेय ने बताया कि यहां के पशुओं को टीकाकरण कर दिया गया है।

कैंप लगाकर भदिला प्रथम में दवा का वितरण किया गया है। सीएमओ और एसडीएम ने किया उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षणः बरहज। मुख्य चिकित्साधिकारी डा.आलोक पांडेय, उपजिलाधिकारी संजीव कुमार यादव ने उपस्वास्थ्य केंद्र कपरवार का निरीक्षण किया। यहां स्वास्थ्य कैंप को देखा और स्टाफ को बुखार से पीड़ित लोगों तक इलाज करने के लिए कहा। कहा कि बुखार पीड़ित लोग स्वस्थ्य केंद्र से दवा लें। अस्पताल पर दवा उपलब्ध है। बाढ़ का समय है स्वास्थ्यकर्मी अलर्ट रहे। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों का इलाज करें। इसमें शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। हाई फ्लड लेवल के करीब गोर्राः रुद्रपुर । दोआबा में करीब 12 घंटे स्थिर रहने के बाद एक बार राप्ती और गोर्रा का जलस्तर हाई फ्लड लेवल की ओर बढ़ रहा है। शनिवार की शाम राप्ती के गेज स्थल भेड़ी के समीप 72.10 पर और गोर्रा गेज स्थल पिड़रा के समीप 72.12 सेंमी पर प्रवाहित हो रही थी। गोर्रा का हाईफ्लड लेवल 72.15 मीटर है। वहीं राप्ती का 72.65 मीटर है। अगले 48 घंटे के अंदर दोआबा के लिए काफी अहम हैं। बंधों के किनारे लोग रतजगा करने लगे है क्योंकि कभी भी खतरा बढ़ सकता है। हाईफ्लड लेवल की तरफ नदियों के जलस्तर बढ़ने से दोआबा के 52 गांवों में दो लाख आबादी की धड़कन बढ़ने लगी हैं। नदियों के तटबंधों पर बढ़ते दबाव के कारण तिघरा मराक्षी तटबंध के बनकटी,पांडेय मांझा राजधर, पिड़रा–भुसउल के समीप पिड़री,जिगिनहवां समेत कई स्थानों पर रिसाव हो रहा है। अप्रोच धंसने की कगार पर : पिड़राघाट पुल का अप्रोच शनिवार की दोपहर धंसने के कगार पर आ गया है। अप्रोच पहले से ही कटा था। मुख्य मार्ग पर अप्रोच के मध्य में होल होने से लोग हतप्रभ रह गए। अगर यह होल और बढ़ा तो इस मार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन बंद हो सकता है।

युवती के हत्यारोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश

तरकुलवा देवरिया। थाना क्षेत्र के बेलही गांव में शुक्रवार की सुबह एक युवती का शव उसके दरवाजे पर शौचालय के निकट मिलने के मामले में तरकुलवा पुलिस तीन आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। हालांकि अभी पुलिस को सफलता हासिल नहीं हो सकी है। पुलिस यह दावा कर रही है कि घटना में अहम सुराग हाथ लगे हैं। पुलिस ने मृतक युवती की मां नजबुन निशा की तहरीर पर गांव के ही हरेराम यादव,पूर्णमासी यादव तथा अतुल यादव के विरुद्ध हत्या, जान से मारने की धमकी समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश कर रही है। उधर पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दम घुटने से मौत की पुष्टि हुई है। क्षेत्र के बेलही गांव की रहने वाली कलाबुन निशा उम्र 20 वर्ष पुत्री मुमताज अंसारी घर पर रहती थी। तीन बहनों में वह सबसे छोटी थी। घर के सदस्य गुरुवार की रात भोजन के उपरांत सो गए। शुक्रवार की सुबह वह मृत अवस्था में दरवाजे पर शौचालय के निकट वह मृत अवस्था में मिली। मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक डा. एसपी मिश्र ने घटना स्थल का दौरा कर पर्दाफाश का निर्देश दिया था। घर वालों ने युवती की हत्या कर शव को दरवाजे पर फेंकने का आरोप लगाया है। कहा कि ऐसे मामलों को गंभीरता से निपटाएं। मृतक के मां की तहरीर पर तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा कायम कर लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दम घुटने की बात सामने आई हैं। मामले की छानबीन की जा रही हैं। शीघ्र घटना के पर्दाफाश की उम्मीद है।

पथ से विचलित नहीं हुए भाजपा कार्यकर्ताः जयप्रकाश

देवरिया। राज्य मंत्री जयप्रकाश निषाद ने कहा कि भाजपा नीतियों व सिद्धांतों से समझौता नहीं करती। कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या व मेहनत के बलबूते देश में भाजपा का डंका बज रहा है। भाजपा कार्यकर्ता अपने पथ से कभी विचलित नहीं हुए। हिदुत्व की विचारधारा को मजबूत करने का काम किया। वह शनिवार को कौन्तेय नगर धतूरा खास में आयोजित बैतालपुर मंडल के कार्यकर्ताओं के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के बल पर केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार बनीं। देश व प्रदेश के विकास का नया अध्याय लिख रही है। गांव, गरीब, किसान, नौजवान सभी के हित में कार्य कर रही है। मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। सदर विधायक डा. सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी ने कहा कि कार्यकर्ताओं की बदौलत आज मैं विधायक हूं। आप सभी ने विश्वास करते हुए प्रदेश की सबसे बड़ी अदालत में पहुंचाने का कार्य किया है। आप के उस विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास जारी है। कार्यकर्ताओं के मान–सम्मान के लिए जो करना होगा करूंगा। सम्मान समारोह की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह व संचालन गिरिजेश मणि ने किया। आभार कृष्णानाथ राय ने व्यक्त किया। समारोह को रामआशीष प्रसाद, रामाज्ञा चौहान, संजय राव, धनुषधारी मणि, बैतालपुर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि प्रभाकर राय, अंबिकेश पांडेय, राधेश्याम शुक्ला, देवेंद्र राय, शैलेंद्र सिंह आजाद ने भी संबोधित किया। इस मौके पर राजेश निषाद, नीलरतन जायसवाल, जानकी पासवान, बच्चा सिंह, अमित सिंह, विनोद कुशवाहा, मनीष पांडेय, नंद किशोर मौर्य, आदित्य पांडेय, भागवत यादव, हंसनाथ यादव, संजय बरनवाल आदि मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत सौ लाभार्थियों को मिली चाबी

पीएम स्व निधि के तहत 11 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र सौंपा

प्रयागराज। डूडा विभाग द्वारा आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थियों के चाबी वितरण एवं संवाद कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह एवं महापौर अभिलाषा गुप्ता ने गरीबों को आवासों की चाभी वितरित की। इस दौरान लाभार्थियों के चेहरे पर मुस्कान थिरक उठी। मोदी और योगी के लिये आशीर्वाद का आभा मण्डल सा बिखर गया।

सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा 2014 में प्रधानमंत्री मोदी बने जबकि उत्तर प्रदेश में 2017 से भाजपा की सरकार है। इन तीन सालों में गरीबों के लिए क्यों नहीं बनाई योजना, क्यों नहीं दिया आवास। बसपा, सपा और कांग्रेस की सरकार में नीति और नियत दोनों में खोट था। गरीबों के लिए कुछ नहीं किया। आज भाजपा की सरकार ने साफ नीति और नियत लेकर सबका साथ सबका विश्वास सबका सहयोग के साथ गरीबों की सहायता कर रही है। उन्होंने कहा कि विकास का पेड़ तैयार किया है तो विकास फल खाएंगे। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना था कि देश के प्रत्येक आवासविहीन व्यक्ति के सर पर छत होनी चाहिए, उन्हीं की प्रेरणा व प्रयास से आज उनका सपना साकार हो रहा है। सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति को आवास के साथ साथ स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत शौचालय, उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन, सौभाग्य योजना के तहत बिजली कनेक्शन, आयुष्मान योजना के तहत गोल्डेन कार्ड, राशन कार्ड व निःशुल्क राशन वितरण की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। इस दौरान मंत्री एवं महापौर ने लगभग सौ लाभार्थियों को चाबी वितरण किया। साथ ही पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि के तहत 11 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र सौंपा। जिसमें सीता देवी, सुनीता, अजय कुमार, सरिता, शीला, सोनी, किरण देवी, बबीता, सविता निषाद, सुष्मिता, बीना, अतुल कुमार, बेला, दिलीप, कुंती देवी, मीना देवी, मोनी, राजपति, संगीता, सावित्री, लालचंद, सन्नो,शोभा, सुरेश चंद केसरवानी, कपिल गुप्ता, सिकंदर, अमरेंद्र कुमार सरोज, मोहम्मद अशफाक, मोहम्मद यासीन, रमाकांत मिश्रा लाभार्थी रहें। महापौर अभिलाषा गुप्ता ने कहा कि शहर पश्चिमी की जनता को नया आयाम मिला। बाहुबली क्षेत्र को नेस्तनाबूद कर मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने विकास की धारा स्थापित किया है। पहले लोग कहते थे जिस ओर जवानी चलती है उस ओर जमाना चलता है। अब कहते हैं जिस ओर नारी चलती है उस ओर जमाना चलता है। इस अवसर पर नगर आयुक्त रवि रंजन, डूडा अधिकारी वर्तिका सिंह, उपायुक्त उद्योग एके चौरसिया, कमलेश कुमार, शिखा रस्तोगी, राम लोचन साहू, रंजीव सिंह पटेल, ओम प्रकाश गौतम, राकेश जैन, शोभिता श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहें।

आईजी केपी सिंह 'व्यापारी भूषण रत्न' से सम्मानित

प्रयागराज। राष्ट्रीय व्यापारी दिवस के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल, महिला व्यापार मंडल प्रयागराज के पदाधिकारियों ने संगठन के स्थापना दिवस पर आईजी जोन कविंद्र प्रताप सिंह को 'व्यापारी भूषण रत्न' से सम्मानित किया गया। समारोह में प्रांतीय संगठन मंत्री जिलाध्यक्ष प्रयागराज ने बताया कि आज के दिन संगठन की स्थापना हुई थी। पूरे प्रदेश के व्यापारी राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व राज्य मंत्री संदीप बंसल के नेतृत्व में संगठन ने प्रधानमंत्री भारत सरकार, मुख्यमंत्री उप्र सरकार से मांग किया है कि 3 सितम्बर के दिन को राष्ट्रीय व्यापारी दिवस की घोषणा हो। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस को जीएसटी के दायरे में शामिल किया जाए और वरिष्ठ व्यापारी पेंशन योजना चालू किया जाए। यह मांग प्रदेश सरकार से व्यापारियों ने रखी है। उन्होंने बताया कि व्यापारियों ने मांग को मनाने के लिए पोस्टकार्ड ज्ञापन ईमेल ट्विटर पर केंद्र और प्रदेश सरकार को भेजा है। कार्यक्रम में आईजी केपी सिंह ने पांच व्यापारियों को सम्मानित किया। जिसमें प्रेम कुमार सिंह चेयरमैन डीसीएफ प्रयागराज, संरक्षक मोहनजी टंडन अतरसुइया उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष, दिलीप कुमार नकाश कोहना उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष, बादल केसरवानी, अरुण कुमार कुशवाहा प्रोपराइटर फोर सीजन गेस्ट हाउस रहे। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष रमेश केसरवानी, उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष पवन यादव, नगर सचिव मंजेश भारतीय, नगर सचिव आसिफ आमान, राजकुमार केसरवानी, दिलीप कुमार साहू, भोला गुप्ता, महिला व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष अनीता मिश्रा, जिला सचिव पूनम द्विवेदी, आनंद गुप्ता आदि व्यापारीगण कार्यक्रम में मौजूद रहे।

प्रबुद्ध सम्मेलन के संयोजक बने श्यामचंद्र एवं सहसंयोजक भानुप्रसाद तिवारी

प्रयागराज। भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि प्रयागराज महानगर के शहर उत्तरी विधानसभा की होने वाले प्रबुद्ध सम्मेलन के लिए भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने संयोजक श्याम चंद्र एवं सह संयोजक भानु प्रसाद तिवारी को घोषित किया है।

मीडिया प्रभारी ने बताया कि प्रबुद्ध सम्मेलन 5 सितम्बर को दोपहर एक बजे मोतीलाल मेडिकल कॉलेज के प्रांगण में स्थित मेहता कैंपस ऑडिटोरियम में आयोजित की जाएगी। जिसका नेतृत्व भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी करेंगे एवं सम्मेलन के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी डॉ. राधा मोहन राय होंगे।

डीएम ने महर्षि बालार्क जिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बहराइच। जनपद में बुखार से पीड़ित मरीजों के उपचार की व्यवस्थाओं, दवाओं की उपलब्धता, साफ–सफाई इत्यादि का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र ने महर्षि बालार्क जिला चिकित्सालय मेडिकल कालेज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी, चिकित्सालय के वार्डो, चिल्ड्रेन वार्डो, एल–1(ए), एनआरसी इत्यादि का गहनता से निरीक्षण कर भर्ती मरीजों, तीमारदारों से चिकित्सालय द्वारा उपलब्ध करायी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं इत्यादि की जानकारी प्राप्त करते हुए मौके पर ही चिकित्सालय प्रशासन को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि चिकित्सालय में पर्याप्त मात्रा में दवा उपलब्ध है। जिन मरीजों को आक्सीजन की आवश्यकता है इसकी भी यहां पर्याप्त व्यवस्था है। चिकित्सालय में पर्याप्त साफ–सफाई व सोडियम हाइपोक्लोराइड के साथ सेनेटाइज कराने के निर्देश दिये गये है। चिकित्सालय में सभी प्रकार की व्यवस्थाएं संतोषजनक पायी गयी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने चिकित्सालय द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे भोजन की गुणवत्ता का भी जायजा लेते हुए निर्देश दिया कि भोजन में हरी सब्जियों की मात्रा बढ़ायी जाय। जिलाधिकारी ने लोगों से अपील की है कि संयम से रहे अफवाहों पर किसी प्रकार का ध्यान न दे, लगातार चेकप कराते रहे। यदि किसी को बुखार होता है तो संयम से रहे, साफ सुथरा वातावरण तैयार करें, भयभीत न हो, स्वास्थ्य व खान–पान पर विशेष धयान दे। बुखार होने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर उपचार करायें। जनपद में समुचित उपचार के लिए भी चिकित्सकों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये है। साथ ही पर्याप्त मात्रा में दवाओं इत्यादि की उपलब्धता भी सुनिश्चित करायी गयी है। मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये गये हैं कि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो उन्हें समुचित मात्रा में दवाओं इत्यादि की सुविधा मुहैया करायी जाय। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एस. के. सिंह, प्राचार्य मेडिकल कालेज डा. अनिल के. साहनी, सीएमएस डा. ओ.पी. पाण्डेय, चिकित्सक, मेडिकल स्टाफ व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

- **चिकित्सालय की साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता व अन्य व्यवस्थाओं का जिला जायजा**
- **मरीजों को मानक के अनुसार स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराये जाने के दिये गये निर्देश**

चतुर्थ राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन तीस सितम्बर तक

प्रयागराज। मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि ने बताया है कि 01 से 30 सितम्बर तक चतुर्थ राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जायेगा। इस माह में वृक्षारोपण अभियान एवं सैम बच्चों के चिन्हॉकन एवं अनुश्रवण सम्बंधित गतिविधियों पर विशेष बल दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि एक माह तक चलने वाले राष्ट्रीय पोषण माह के अन्तर्गत प्रथम सप्ताह में सरकारी स्कूलों, आवासीय स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, ग्राम पंचायत की अतिरिक्त भूमि पर पोषण वाटिका की स्थापना हेतु पौधरोपण अभियान चलाया जायेगा। द्वितीय सप्ताह में योगा एवं आयुष (बच्चों, किशोरी बालिकाओं तथा गर्भवती महिलाओं को केन्द्रित करते हुए योगा सत्रों का आयोजन) किया जायेगा। तृतीय सप्ताह में पोषण सम्बंधी प्रचार–प्रसार सामग्री, अनुपूरक पुष्टाहार आदि का वितरण किया जायेगा एवं चतुर्थ सप्ताह में सैमध्मैम बच्चों के चिन्हॉकन हेतु अभियान चलाया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने विभिन्न कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु स्वास्थ्य विभाग एवं बाल विकास विभाग, बेसिक शिक्षा विभागध्माध्यमिक शिक्षा विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, बाल विकास विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मनरेगा एवं उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग एवं ग्राम्य विकास विभाग के द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करते हुए पोषण माह के आयोजन को सफल बनाये जाने के लिए कहा है। उन्होंने समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने विकास खण्ड स्तरीय एवं ग्राम स्तरीय कर्मचारियों के माध्यम से निर्देशों का शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए राष्ट्रीय पोषण माह में उल्लिखित गतिविधियों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

बुखार के मरीजों के प्रसार की रोकथाम हेतु संचालित होगा अभियान

फॉगिंग व एन्टी लार्वा स्प्रे से मच्छरों के प्रसार पर लगेगा अंकुश

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बहराइच। प्रदेश में बुखार के बढ़ते मरीजों के दृष्टिगत जनपद में बुखार से पीड़ित मरीजों के प्रसार की रोकथाम हेतु प्रभावी कदम उठाये जा रहे हैं। इस सम्बन्ध में जनपद में 07 से 16 सितम्बर 2021 तक विशेष अभियान संचालित किया जायेगा। विशेष अभियान के दौरान संचालित होने वाली गतिविधियों की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र ने मीडिया प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए बताया कि विशेष अभियान को सफल बनाये जाने के उद्देश्य से अर्न्तविभागीय बैठक कर सम्बन्धित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में दवाओं की भी पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गयी है।उन्होंने बताया कि बुखार एवं उनके साथ किसी भी प्रकार के लक्षण होने पर घबरायें नहीं तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जॉच कराकर बीमारी का समुचित उपचार करायें जिससे बीमारी के प्रसार को नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान बुखार पीड़ित मरीजों के साथ–साथ कोविड लक्षणयुक्त मरीजों, टी. बी. लक्षणयुक्त मरीजों, 45 वर्ष से ऊपर कोविड–19 टीकाकरण से छूटे व्यक्तियों की लाइन लिस्ट तैयार कर प्रभावी कदम उठाये जायेंगे। जिला व ब्लाक स्तर पर स्थापित चिकित्सालयों में बुखार पीड़ित मरीजों की जॉच हेतु पर्याप्त प्रबन्ध किये गये हैं जिससे समय रहते ज्ञात हो सके कि बुखार किस श्रेणी का है। डेंगू, जे.ई.ध्ए.ई.एस., मलेरिया आदि रोगियों हेतु अलग से वार्ड आरक्षित किये गये हैं। डॉ चन्द्र ने बताया कि विशेष अभियान हेतु पल्स पोलियो अभियान को आधार मानते हुए प्रत्येक ग्रामध वार्ड में 01–01 टीम का गठन किया जायेगा जिसमें सदस्य के रूप में आशा व ऑगनबाड़ी द्वारा घर–घर भ्रमण कर बुखार पीड़ित व्यक्तियों की लाइन लिस्ट तैयार कर तत्काल उसी दिन उनकी जॉच कराकर समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जायेगी। टीम के कार्यों के प्रभावी अनुश्रवण हेतु प्रत्येक 05 टीम पर 01 सुपरवाइजर की भी व्यवस्था की गयी है। प्रत्येक टीम एक दिन में 50 घरों का सर्वे करेगी। सर्वे के पश्चात उसी दिन सॉयकाल 05:00 बजे तक रिपोर्ट जनपद को प्रेषित करेगी। सर्वे कार्य के लिए 1174 टीमें गठित की गयी हैं। जबकि उनके प्रभावी पर्यवेक्षण के लिए 235 सुपरवाइजर बनाये गये हैं। उन्होंने बताया कि मच्छरों के प्रसार पर प्रभावी नियंत्रण हेतु गॉवों में नियमित रूप से एन्टी लार्वा स्प्रे तथा फॉगिंग कराया जायेगा एवं पूर्ण स्वच्छता हेतु जलभराव का निस्तारण, गलियों नालियों तथा झाड़ियों आदि की साफ–सफाई के लिए वृहद स्तर पर अभियान संचालित किया जायेगा। एन्टी लार्वा स्प्रे एवं फॉगिंग हेतु पर्याप्त मात्रा में मैलाथियान एवं डी–लार्वा केमिकल जिला एवं ब्लाक स्तर पर उपलब्ध है। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से अपील की कि विशेष अभियान को सफल बनाने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एस.के. सिंह द्वारा सीएचसी, पीएचसी पर दवाओं की उपलब्धता एवं उपलब्ध अन्य स्वास्थ्य सेवाओं तथा अभियान हेतु की गयी तैयारी तथा प्राचार्य मेडिकल कालेज डा. अनिल के. साहनी, सीएमएस डा. ओ.पी. पाण्डेय द्वारा महाराजा सुहेलदेव स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय बहराइच में डेंगू, बुखार के रोगियों के उपचार हेतु आवश्यक दवाओं की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता की जानकारी मीडिया प्रतिनिधियों को दी गयी। इस अवसर पर एडीएम जय चन्द्र पाण्डेय, सीआरओ प्रदीप कुमार यादव, डीएसओ अन्नत प्रताप सिंह, एसीएमओ डॉ. जयन्त कुमार, सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

हक–हमारी प्रतिज्ञा– हमारा संकल्प के तहत फार्म भरवाने का कार्य शुरू–आशु

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। भारतीय युवा कांग्रेस के पूर्व–जिला अध्यक्ष आशुतोष कुमार दुबे (आशु) के साथ उनके साथियों ने घोरावल विधानसभा के न्याय पंचायत बढ़ौली के ग्राम सभा उरमौरा, छपका, बढ़ौली,लोढ़ी में जाकर लोगों से मुलाकात की और उनसे कॅरोना महामारी के चलते मृतक लोगों के बारे में जानकारी अर्जित की,अपने परिवार को छोड़कर जो लोग चले गए उससे उनका दैनिक जीविका भी प्रभावित हुई है ,इन्हीं मूल बातों को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा यह कार्य करने के लिए पूरे उत्तर प्रदेश में पार्टी के कार्यकर्ताओं को चुना गया है जिसमें घोरावल विधानसभा में अभी आशु दुबे को जिम्मेदारी दी गई है, इस बीमारी में कईयों ने अपने परिवारों का साथ छोड़ दिया । जो लोग इस बीमारी से लड़कर अपने घर वापस भी आए हैं उनको काफी कमजोरी उन्हें हो गई है और उनके अंदर शरीर में पहले जैसी ताकत वापस नहीं आ पाई ,मृतक जो परिवार छोड़कर चले गए उनका पूरा परिवार प्रभावित है ही, पर जो लोग बीमार भी हुए वह अभी भी स्वस्थ नहीं हो पाए हैं ,पहले जैसे शरीर में ताकत उनके नहीं रह गई उनका भी व्यवसाय ध्नौकरी और कार्य काफी प्रभावित हुआ है । इस कॅरोना ने आर्थिक रूप से बहुत लोगों को कमजोरध्तोड़ा है साथ में रहने वालों में मुख्य रूप से मनोज मिश्रा ,अनूप शाह ,श्रीकांत मिश्रा रहे।

पढ़ाई, कमाई, दवाई की बनाए सरकार:अविनाश कुशवाहा

चतरा में बूथ स्तरीय संगठन समीक्षा एवं प्रशिक्षण में बोले सपा के पूर्व सदर विधायक

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। समाजवादी पार्टी की ही एक ऐसी सरकार थी जिसमें समाज का सभी वर्ग खुशहाल था, किसी को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भटकना नहीं पड़ता था, उक्त बातें पूर्व सदर विधायक अविनाश कुशवाहा ने रविवार को चतरा में आयोजित बूथ स्तरीय संवाद संगठन समीक्षा एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही, उन्होंने भाजपा सरकार को तानाशाही की सरकार कहते हुए कहा कि यह सरकार हर मायने में विफल है, इसमें आपातकाल जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है.यह गरीबी नहीं बल्कि गरीबों को ही मिटा देना चाहती है.पूर्व विधायक ने आगे यह भी कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी चरम सीमा पर पहुंच गई है , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो लाख युवाओं को नौकरी देने की बात तो करते हैं किंतु देखा जाए तो वह नौकरी देने नहीं बल्कि नौकरी लेने का काम करें हैं, किसानों की आय दोगुनी करने की बात करने वाली भाजपा सरकार आज डीजल, पेट्रोल, खाद का दाम इतना बड़ा रही है कि किसानों की खेती घाटा साबित होने लगी है, उन्होंने अर्थव्यवस्था पर कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में बैंकों का दिवालिया होना किस ओर संकेत कर रहा है. नौकरी के नाम पर धन उगाही का आरोप लगाते हुए उन्हों ने कहा कि योग्यता के बाद भी आज कमजोर वर्ग के युवा नौकरी से वंचित हो रहे हैं, महिलाओं का भी उत्पीड़न हो रहा है यह अपने को असुरक्षित महसूस कर रही हैं , यही नहीं पूर्व विधायक ने यह भी कहा कि भाजपा सरकार रसोई गैस सिलेंडर की कीमत इतना बढ़ा रही है कि गरीबों को इसे भराने के लिए सोचना पड़ रहा हैं।उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनाव में सपा का परचम लहराने के लिए अभी से ही कमर कस लेने का आह्वान करते हुए कहा कि इसके लिए मतदाताओं के बीच में जाएं और सपा की सरकार बनाने की बात करें, इसके साथ ही सपा सरकार और संगठन की उपलब्धियों को भी अवगत कराएं , जनता भी भाजपा सरकार से ऊब चुकी है और अबकी प्रदेश में सपा की सरकार बनाने का मन पूरी तरह बना चुकी है , इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष राम निहोर यादव, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी ठाकरे, पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष कृपाशंकर चौहान, मानिकचंद कनौजिया, रणजीत कुशवाहा, उमेश चौबे , रामनरेश कुशवाहा, केदार मौर्य, सूबेदार मौर्य, नंदलाल, मोहन बिहार, सुरेंद्र यादव, मारूफ अली, संतोष मोदनवाल, नीरज यादव, बबुन्दर यादव, प्रमोद यादव, सुशील कुमार सैनी, विमला, तेतरी, श्यामलता, रानी सहित तमाम सपा कार्यकर्ता व क्षेत्रीय जनता गण आदि मौजूद रहे.

बृजेश सिंह बने ब्लाक अध्यक्ष

दैनिक बुद्ध का सन्देश

करमा/सोनभद्र। अखिल भारतीय ग्राम पंचायत सदस्य महासंघ की बैठक ज्ञान भूमि विद्यापीठ धौरहरा कर्मा में रविवार हुई। इसमें संगठन की मजबूती व संगठन के विस्तार पर चर्चा की गई। इस बैठक में 5 सूत्री मांगों एमएलसी के चुनाव में जिला पंचायत क्षेत्र पंचायत सदस्यों की तरह ग्राम पंचायत सदस्यों को मत देने का अधिकार, सदस्यों को मानदेय देने, ग्राम पंचायतों में सदस्यों के मान सम्मान का अस्तित्व होने संबंधी बातों पर विचार किया गया उसके बाद करमा विकास खंड के गठन की प्रक्रिया की गई। इसमें सर्वसम्मति से बृजेश कुमार सिंह को अध्यक्ष, लालबहादुर पटेल,सरोज देवी ,पूनम देवी उपाध्यक्ष,दिनेश तिवारी ,बालेश्वर यादव, पारस नाथ पांडे ,अख्तरवेग,को सचिव बनाया गया ।रमेश विश्वकर्मा को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। इस बैठक में सैकड़ों की संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता रामसखी मौर्य, संचालन रविकांत तिवारी व इंद्रजीत शुक्ला ने किया। कार्यक्रम के अंत में संयोजक रामप्रवेश यादव नेआये हुएसदस्यों का आभार प्रकट किया।

समाजवादी मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड की मासिक बैठक जिला पार्टी कार्यालय पर हुई

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र।समाजवादी मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड की मासिक बैठक जिला पार्टी कार्यालय पर की गई। बैठक की अध्यक्षता समाजवादी यूथ ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष सूरज मिश्रा ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए सूरज मिश्रा ने कहा कि नौजवान ही समाजवादी पार्टी का वफादार कार्यकर्ता होता है। नौजवान ही भविष्य का नेता है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हमेशा नौजवानों को सम्मान देने का काम किया है और जब जब उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनती है तब–तब नौजवानों के लिए समाजवादी पार्टी ऐतिहासिक जिम्मेदारी है कि आगामी विधानसभा चुनाव 2022 के लिए आज से ही कमर कस लें और गांव–गांव जाकर गरीबों आदिवासियों नौजवानों बुजुर्गों माताओं बहनों की समस्याओं को सुनते हुए उनकी समस्याओं को अपने अपने स्तर से हल करने का काम करें और जो समस्या इसलिए हम सभी नौजवानों की कार्य करने का काम करती है। जटिल हो उनको हमें अवगत कराने का काम करें जिससे हम लोग मिलकर उन लोगों के दुख दर्द को हल कर सके अाैर समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों को जन जन तक बताने का काम करें। बैठक में मुख्य रूप से सतीश शुक्ला अनिल प्रधान तौफीक सिद्धकी फरहान अहमद शुभम पांडे सुशील राय विमलेश यादव शेख गुलाम सूर्य प्रकाश सद्दाम हुसैन गोलू मद्धेशिया रौनक पटेल रोशन देव पांडे अक्षय कुमार चौबे मोनू चौहान के साथ दर्जनों नौजवान उपस्थित थे।

शिक्षक दिवस के अवसर पर अर्थशास्त्री शिवधारी शरण राय सम्मानित

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। साहित्य,कला, संस्कृति, पर्यावरण के क्षेत्र में अनवरत दो दशकों से कार्यरत विंध्य संस्कृति शोध समिति उत्तर प्रदेश ट्रस्ट के तत्वाधान में जनपद के प्रख्यात अर्थशास्त्री, राजा शारदा महेश इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य शिवधारी शरण राय को ट्रस्ट के निदेशक दीपक कुमार केसरवानी द्वारा माल्यार्पण कर, अंगवस्त्रम, उपहार प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर अपना विचार करते हुए ट्रस्ट के निदेशक दीपक कुमार केसरवानी ने कहा कि––गुरुजनों का आदिकाल से भारतीय समाज,, संस्कृति, धर्म में महत्वपूर्ण स्थान रहा है, बिना गुरु का ज्ञान संभव नहीं है, माता अगर बालक की प्रथम शिक्षिका है तो गुरु बालक के चतुर्मुखी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है, कबीर दास जी ने गुरु की महत्ता का बखान करते हुए कहां है–

गुरु कुम्हार शिष कुंभ है,
गढ़ि–गढ़ि काढ़ै खोट।
अन्तर हाथ सहार दै,
बाहर बाहै चोटध
सब धरती कागज करूँ,
लिखनी सब बनराय।
सात समुद्र की मसि करूँ,
गुरु गुण लिखा न जायध

डॉ आनंद नारायण ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि–गुरु ज्ञान सर्वोपरि है और हमें अपने गुरुजनों का आदर करना चाहिए और अगली पीढ़ी को भी संस्कारित करना चाहिए। ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी हर्षवर्धन ने उपस्थित सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और कार्यक्रम का संचालन किया। पर्यावरण के क्षेत्र में कार्यरत हरी छाया के संचालक सुमित शाह ने उपस्थित अतिथियों को एक– एक वृक्ष प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त निबंधन सोनभद्र टी एन सिंह , विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष ज्ञानेंद्र शरण रॉय, डॉक्टर आनंद नारायण, जिला प्रबंधन (पी सी एफ) रवि प्रताप सिंह, राकेश कुमार जायसवाल (पी सी एफ) ने गुरु महिमा पर अपना– अपना विचार व्यक्त किया।

शिक्षक दिवस पर सुशील राही को किया सम्मानित

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। स्थानीय सोनभद्र बार एसोसिएशन सभागार में रविवार को शिक्षक दिवस पर नगर के वरिष्ठ शिक्षक रहे सुशील कुमार श्रीवास्तव राही को सम्मानित किया गया। इस दौरान उनके द्वारा उत्कृष्ट शिक्षा दिए जाने से अभिभूत सोनभद्र बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश द्विवेदी और संयुक्त अधिवक्ता महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शरण मिश्र द्वारा सुशील राही जी को माल्यार्पण कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया।द्वय वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने कहा कि आज वह जो कुछ भी हैं गुरुवर सुशील राही जी के उत्कृष्ट ज्ञानार्जन के बदौलत ही हैं और उनके सही मार्गदर्शन की वजह से ही इस मुकाम पर पहुंच सके हैं।

डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के मार्ग पर चलने का आह्वान

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बहराइच। प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया । विद्यार्थियों ने भाषण, गीत, नृत्य व अध्यापक दिवस से संबंधित कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सभी अध्यापकों ने शिक्षक दिवस पर अपने विचार एवं अनुभव विद्यार्थियों के साथ साझा किए, जिससे सब बच्चे भी प्रेरित हुए। चहलवा के प्रधान प्रतिनिधि व मछुवा समाज के प्रकोष्ठ जिला संयोजक भाजपा प्रीतम निषाद ने अध्यापकों की महत्व का वर्णन किया। इस दौरान प्रीतम निषाद ने छात्रों व अध्यापकों को शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मानित भी किया

कोरोना काल में भी शिक्षकों ने दिखाया बच्चों को शिक्षा का मार्ग

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बहराइच। कार्यक्रम के आरंभ में विद्यालय के अनेक छात्र–छात्राओं ने शिक्षक–दिवस पर भाषण, गीत एवं कविता प्रस्तुति दीसभी बच्चों ने भी अनुशासन का परिचय देते हुए उनका अनुसरण किया। प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक शशिकांत प्रजापति ने कहा कि एक शिक्षक ही है जिन्होंने कोरोना काल में भी अत्यधिक परिश्रम कर बच्चों को शिक्षा का मार्ग दिखाया है। इस दौरान प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया इस दौरान प्रथम स्थान प्राप्त छात्रा खुशबू भारती कक्षा 5 द्वितीय स्थान छात्र दीपक कक्षा 4 तृतीय स्थान छात्रा शिवानी कक्षा 3 इन सभी छात्र छात्राओं को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सम्मानित किया गया।इस दौरान स्कूल के अध्यापक शशिकांत भारती, आनंद निगम ,सतीश वर्मा ,महेश मौजूद रहे इनके साथ साथ चहलवा ग्राम पंचायत की प्रधान रूना निषाद, पंच ब्रह्मा यादव, बीडी मौर्य ,मोहम्मद ताहिर खान, लक्ष्मण सिंह, सुभाष निषाद ,जगदीश प्रसाद, अमरनाथ, विनोद निषाद मौजूद रहे

महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान तथा,भाषण एवं निबन्ध प्रतियोगिताओं का हुआ भव्य आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा में शनिवार की देर सायं तक मिशन शक्ति के तृतीय चरण में होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में मिशन शक्ति की छात्राओं,प्राध्यापकों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर महाविद्यालय परिसर में स्थित स्वामी विवेकानंद स्मृति स्थल की साफ –सफाई कर उसको स्वच्छ ,सुंदर बनाया गया, तत्पश्चात मिशन शक्ति के संयोजक डॉ. संतोष कुमार सैनी ने डॉ रंजीत सिंह,डॉ विभा पांडेय,डॉ बीना यादव व डॉ वैशाली शुक्ला इत्यादि सदस्यगणो के साथ मिलकर ष्महिलाओं में उद्यमिता का विकासष् शीर्षक पर भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराया ।प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़–चढ़ कर प्रतिभाग किया।भाषण प्रतियोगिता में आशा बीए द्वितीय वर्ष ने प्रथम स्थान व प्रज्ञा मिश्रा द्वितीय वर्ष ने द्वितीय स्थान एवं रुचि कुमारी व अंशिका भारती बीएससी तृतीय वर्ष तृतीय स्थान प्राप्त किया।वही निबन्ध प्रतियोगिता में आशा व प्रज्ञा मिश्रा बीए द्वितीय वर्ष ने प्रथम स्थान एवं शिवानी सिंह बीए द्वितीय वर्ष ने द्वितीय स्थान एवं सुनीता सिंह बीए तृतीय वर्ष, अंशिका भारती व कु जागृति गुप्ता बीएससी तृतीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।उक्त प्रतियोगिताओं के पश्चात महाविद्यालय की छात्राओं कु गरिमा सिंह,कु प्रज्ञा मिश्रा ने दहेज प्रथा पर तथा कु आशा ने ष्मुझे आजाद उड़ना हैष् शीर्षक पर बहुत ही मधुर स्वरों में सुंदर कविताएं प्रस्तुत की।अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रमोद कुमार ने सभी छात्राओं को शिक्षित व स्वावलंबी बनकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।निर्णायक मंडल में डॉ किशोर कुमार सिंह,डॉ संतोष कुमार सैनी,डॉ रंजीत सिंह,डॉ विभा पांडेय,डॉ बीना यादव,डॉ वैशाली शुक्ला के साथ–साथ डॉ. सुनील कुमार,डॉ विकास कुमार,डॉ राजेश प्रसाद,डॉ महीप कुमार,डॉ नीरज सिंह,डॉ विजय प्रताप यादव इत्यादि प्राध्यापकगण तथा कर्मचारी गणों में प्रमोद कुमार केशरी,विकास कुमार,धर्मेंद्र कुमार,महेश कुमार पाण्डेय के साथ–साथ रोवर्स – रेंजर्स,एनएसएस,एनसीसी व भारी संख्या में छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

सोनांचल नव निर्माण समिति ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन को किया याद

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। शिक्षक दिवस के अवसर पर सोनांचल नव निर्माण समिति के कार्यालय पर संस्था के सदस्यों द्वारा पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णनन की जयंती बड़े ही उत्साह पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर सोन साहित्य संगम सोंनभद्र के संयोजक व सँयुक्त अधिवक्ता महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शरण मिश्र द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजेश शरण मिश्र ने कहा कि शिक्षक ना केवल बच्चो को शिक्षित करके उनको ज्ञानवान और आत्मनिर्भर बनाते है बल्कि राष्ट्रनिर्माण में भी अहम भूमिका का निर्वहन करते है। डॉ राधाकृष्णनन का जीवन चरित्र हमे यही संदेश देता है। उन्होंने कहा कि आज समय की मांग है कि हमारे आदरणीय शिक्षक चाणक्य और सर्वपल्ली राधाकृष्णनन की भूमिका का निर्वहन करते हुए समाज व राष्टनिर्माण हेतु अपने शिष्यों को चन्द्रगुप्त मौर्य जैसा बनाने का काम करे। संस्था के कोषाध्यक्ष हिमांशु मिश्रा, राहुल मिश्र आकाश मिश्र सचिव अनुराग मिश्रा, अभय सिंह, विकास केशरी प्रदीप धर अनिल कुमार मिश्र हिमांशु मिश्र उमापति पांडेय धर्मेंद्र कुमार आदि ने भी अपने विचार प्रकट किये और पूर्व राष्ट्रपति राधा कृष्णनन को श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

सपा कार्यालय पर हुई सपा की मासिक बैठक

सीतापुर। समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय में समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन महासचिव मसूद आलम अंसारी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि 2022 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए सभी बूथ कमेटियों को संक्षिप्त मतदाता सूची पुरीक्षण अभियान में संगठन के सभी प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्षों, विधानसभा अध्यक्षों, ब्लाक अध्यक्षों को अपनी कमेटियों को सक्रिय करके मनोयोग से लगकर के प्रति बूथ 50 मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल कराना है। इसके लिए सभी संगठन के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को गांव गांव में जाकर के प्रारूप 6 फार्म भरवा करके उनकी सूची बनाकर के जिला कार्यालय में उपलब्ध कराएं। मासिक बैठक में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद लहरपुर, पूर्व विधायक जासमीर अंसारी के प्रथम आगमन पर माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि भाजपा सरकार में फिरोजाबाद, आगरा, मथुरा, बुलंदशहर में फैले संक्रामक रोगों के फैलने से सैकड़ों बच्चों की जाने चली गयी।

एम्बुलेंसों के अभाव में परिजन शवों को मोटरसाइकिलों, ठेलियों और कंधों पर बिलखते हुए ले जा रहे है। हजारों की संख्या में डेंगू, मलेरिया, वायरल फीवर से ग्रसित मरीज इलाज के लिए दर.दर भटक रहे है। चारों तरफ हाहाकार मचा हुआ है और असंवेदनशील भाजपा सरकार के मंत्री, विधायक, सांसद जनादेश यात्रा निकालने में व्यस्त है। मासिक बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री रामपाल ने कहा कि किसानों नौजवानों द्वारा अपने हक के लिए किए जा रहे शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन को भाजपा सरकार के आदेश पर पुलिस तथा प्रशासन के द्वारा लाठी चार्ज कराकर लहूलुहान करके बर्बरता पूर्वक कुचलने का अमानवीय कुक्रत्य कार्य किया जा रहा है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार जुलाई 2021 की बेरोजगारी व्रद्धि दर 6.96 से बढ़कर अगस्त 2021 माह में 8.32 हो गयी है। जिससे 15 लाख लोग बेरोजगार हो गए हैं। इन सबसे प्रदेश की जनता आक्रोशित है और भाजपा को हराने के लिए हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा 2012 से 2017 के कार्यकाल की कल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर सपा की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रही है और समाजवादी पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे। राजवंशी, पूर्व विधायक अनिल वर्मा, महेंद्र सिंह झीन बाबू, निर्मल वर्मा, जासमीर अंसारी, राधेश्याम जायसवाल ने अपने अपने सम्बोधन में अपने अपने विधानसभा क्षेत्रों के समस्त बूथों पर प्रारूप 6 फार्मों को भेजवा कर छूटे हुए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोडने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य प्रारम्भ कर दिया है। बैठक में कार्यालय प्रभारी जयसिंह यादव, सुहैल अहमद, रामप्रकाश यादव, मो वसी राजा, चन्द्रशेखर यादव, मदन कनौजिया, संदीप कश्यप, सादिया खान, नीलम यादव, किरण वर्मा, चन्द्रभाल भार्गव, शंकर लाल यादव, राजकिशोर गौतम, कमलेश यादव, भारत प्रसाद, वीरेंद्र अवस्थी, निशात मिर्जा, वीरेंद्र भार्गव आदि सैकड़ों की संख्या में समाजवादी पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एंबुलेंस में नवजात का रोना सुन, हर चेहरे पर दौड़ी मुस्कान

ईएमटीए पॉयलट व आशा ने कराया सुरक्षित प्रसवए जच्चा.बच्चा महिला अस्पताल में भर्ती

सीतापुर। सुबह के सात बजने में कुछ मिनट शेष हैं। इसी बीच एम्बुलेंस सेवा 102 के एक इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन ईएमटी के फोन की घंटी बजती है। नींद में अलसा, हुए वह फोन उठाते हैं तो पता चला कि उन्हें एक गर्भवती को लेकर जिला चिकित्सालय आना है। वह अपने साथी एम्बुलेंस चालक पॉयलट से बात करते हैं और बिना देरी किए एम्बुलेंस लेकर निकल पड़ते हैं। कुछ ही देर में एम्बुलेंस एलिया ब्लॉक के मलकानगर गांव में पहुंच जाती है। यहां प्रसव पीड़ा से कराह रही देवकी 35 को एम्बुलेंस में लिटाया जाता है। इसके बाद सायरन बजाती एम्बुलेंस जिला महिला चिकित्सालय की ओर सरपट भागने लगती है। इस एम्बुलेंस में आशा कार्यकर्ता के साथ ही देवकी के पति रविंद्र और परिवार की एक अन्य महिला भी सवार हो जाती है। एम्बुलेंस अभी कुछ ही दूरी तय कर पाती है कि देवकी प्रसव पीड़ा से तड़प उठती है। उसकी स्थिति देखकर ईएमटी शोएब हसन साथी पॉयलट हरी शंकर से एम्बुलेंस को सड़क के किनारे खड़ी करने को कहते हैं। इसके बाद वह अपने अनुभवों का लाभ लेते हुए पॉयलट व आशा कार्यकर्ता बिट्टो देवी के साथ मिलकर एंबुलेंस में ही देवकी का सुरक्षित प्रसव कराते हैं। देवकी ने सुबह 7.44 बजे एक स्वस्थ बेटे को जन्म दिया। जन्म के तुरंत बाद एम्बुलेंस में जैसे ही नवजात ने रोना शुरू किया। एम्बुलेंस में मौजूद इन तीनों के चेहरों पर मुस्कान दौड़ जाती है।

एंबुलेंस में सुरक्षित प्रसव कराकर एक नवजात की जान बचाने और जच्चा और बच्चा को सुरक्षित जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराने पर ईएमटीए पॉयलट और आशा की पूरे स्वास्थ्य विभाग में प्रशंसा हो रही है। ईएमटी शोएब हसन का कहना है कि देवकी को बहुत तेज प्रसव पीड़ा हो रही थीए ऐसे में यदि हम उसको लेकर अस्पताल तक ले जाते तो समय लगता और देर होने पर उसके साथ ही उसके बच्चे को भी जान का खतरा हो सकता था। इसलिए ट्रेनिंग में मिली जानकारी का उपयोग कर सुरक्षित प्रसव कराया। वह बताते हैं कि शुरूआत में महिला की स्थिति देख कर लग रहा था कि स्थिति नियंत्रण से बाहर होगी। लेकिन हमने धैर्य से काम लिया और प्रशिक्षण में मिली जानकारी काम आई। आखिरकार हम सब एक सफल प्रसव कराकर जच्चा.बच्चा की जान बचाने में सफल रहे। सीएमओ डा. मधु गैरोला का कहना है कि ईएमटी शोएब हसन, पॉयलट हरी शंकर और आशा बिट्टो देवी को इस उल्लेखनीय कार्य के लिए शीघ्र ही सम्मानित किया जाएगा।

वेक्टर जनित रोगों के संभावित व्यक्तियों को चिन्हित कर उन्हें सूचीबद्ध करने का कार्य करेगी टास्क फोर्स : जिलाधिकारी

सीतापुर। मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गुरूवार को 7 सितम्बर से 16 सितम्बर तक चलने वाले विशेष हाउस टू हाउस अभियान की जिला टास्क फोर्स की बैठक जिलाधिकारी सभागार में की गई। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर.घर जाकर बुखार के लक्षणयुक्त व्यक्तियों की सूचीबद्ध करना, क्षय रोग के लक्षण वाले व्यक्तियों की पहचान कर सूचीबद्ध करना तथा वेक्टर जनित रोगों के संभावित व्यक्तियों को चिन्हित कर उन्हें सूचीबद्ध करने का कार्य करेंगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि हाउस तो हाउस अभियान में लगी सभी टीमों को ब्लॉक पर प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा किया जाये। आशा व आंगनबाड़ी की टीम समय से पहले बना ले। समय से माइक्रोप्लान बनाकर सभी सहयोगी विभागों को भी शेयर कर दिया जाए। बाढ़ वाले क्षेत्रों में अभियान पर विशेष जोर दिया जाए। जिले या ब्लॉक पर रैपिड रेस्पॉन्स टीम को तैयार रखा जाए जिससे सूचना प्राप्त होते ही उचित कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीतापुर डॉ मधु गैरोला ने बताया कि बुखार से पीडिघ्त व्यक्तियों, कोविड तथा क्षय रोग के लक्षणयुक्त व्यक्तियों, नियमित टीकाकरण से छूटे बच्चों तथा 45 साल से अधिक आयु के जिन लोगों ने कोविड की पहली खुराक नहीं ली।

उनकी पहचान करने और सूची बनाने के लिए सात सितम्बर से 16 सितम्बर तक विशेष अभियान चलाया जायेगा। इस बारे में शासन से निर्देश प्राप्त हो चुका है। एसएमओ डा. अपूर्वा चौहान ने बताया. नियमित टीकाकरण से वंचित बच्चों की सूची बनायी जाएगी और उनका टीकाकरण किया जायेगा। लोगों को इस बात के लिए जागरूक करना है कि अपना कोविड टीकाकरण अवश्य करायें और टीकाकरण करवाने के बाद भी कोरोना से बचाव के प्रोटोकॉल का पालन अवश्य करें। पल्स पोलियो की तर्ज पर जिले के सभी आवासों का गृह भ्रमण कर सूची तैयार की जाएगी। अभियान में आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की दो सदस्यीय टीम बनायीं जाएगी जो घर.घर जाकर लोगों की सूचना एक निर्धारित प्रारूप में भरेंगी। टीम के सदस्यों को दो रियूजेबल मास्कए सेनिटाईजरए पल्स ऑक्सीमीटर और इन्फ्रारेड थर्मामीटर दिए जायेंगे। टीम के द्वारा पल्स पोलियो की तर्ज पर हर घर की दीवार पर भ्रमण का अंकन किया जायेगा। सर्वे के पूरा होने के बाद हर घर पर जागरूकता के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार स्टीकर लगाया जायेगा।

सर्वे के दौरान यदि टीम को सीवियर एक्यूट रेस्पिरेट्री इन्फेक्शन सारी का कोई रोगी मिलता है तो उसकी पल्स ऑक्सीमीटर से तुरंत जांच करने के बाद इसकी सूचना तत्काल प्रभारी चिकित्साधिकारी या जोनल अधिकारी को दी जाएगी। ऐसे रोगियों को तत्काल डेडिकेटेड कोविड क्वेरेंटाईन इकाई में भेजा जाएगा। जिला टास्क फोर्स की बैठक में अपर जिलाधिकारी विनय पाठक, जिला विकास अधिकारी राकेश कुमार पांडेय, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पी0के0 सिंह, डॉ सुरेंदर सिंह, डॉ उदय प्रताप उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ डीके. सिंह, डॉ कुंज बिहारी जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी राज कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी राज कपूर सहित सभी नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी, यूनिसेफ व पाथ संस्था के प्रतिनिधि द्वारा भाग लिया गया।

शौंच को गये प्रौढ़ का शव मिलने से सनसनी

फिरोजाबाद। थाना शिकोहाबाद क्षेत्र अन्तर्गत शौंच को गये एक प्रौढ़ का शव नहर की पटरी पर मिलने से सनसनी फैल गयी। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल लायी है। थाना शिकोहाबाद क्षेत्र के गांव औरंगाबाद निवासी वीरेश्वर (50) पुत्र नाथूराम घर से शौंच जाने की कहकर निकले थे। जब वह काफी समय तक घर नही लौटे तो परिजनों को उनकी चिंता हुई। परिजनों ने जब खोजबीन की तो उनका शव गांव के पास ही निकल रही नहर की पटरी पर पड़ा मिला। यह देख परिजन सन्न रह गये। चीख पुकार मचने पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। सूचना पर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल लायी है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

एसपी ग्रामीण ने रोटी बैंक की महिला सदस्यों को किया सम्मानित

शिकोहाबाद। रोटी बैंक एवं सदस्यों द्वारा कोरोना महामारी के दौरान आम जनता की बढ़चढ़ कर सेवा की थी। इसके अलावा निरीह जीव जंतुओं को चारा और भोजन की व्यवस्था महिला सदस्याओं द्वारा की गई। महिला बिंग के सदस्यों की मेहनत और लगन को देखते हुए उनके उत्साह को बढ़ाने के उद्देश्य से रोटी बैंक ने उन्हें सम्मानित कराने का निर्णय लिया। इसी के तहत शुक्रवार देर रात ग्रीनपार्क में एक सम्मान समारोह के दौरान रोटी बैंक की महिला सदस्याओं को मुख्य अतिथि एसपी ग्रामीण ने प्रतीक चिंह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व चेयरमैन रघुवर दयाल गुप्ता ने की। मंचासीन अतिथियों में एसडीएम सिरसागंज नवनीत गोयल, डॉ. रंजीत सिंह, डॉ. एके आहूजा, डॉ. संजीव माथुर, राजीव अग्रवाल (पूजा ग्रुप), एसओ छत्रपाल सिंह और जसराना चेयरमैन अवनीश गुप्ता रहे। रोटी बैंक के पदाधिकारियों ने मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण कर एवं चांदी का सिक्का और प्रतीक चिंह देकर सम्मानित किया। इसके बाद मुख्य अतिथि एसपी ग्रामीण डॉ. अखिलेश नारायण सिंह ने सभी महिला सदस्यों को अपने हाथों से प्रतीक चिंह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर रोटी बैंक के संयोजक राजीव गुप्ता, मनोज गुप्ता, वरुण सिंघल, अंबुज सिंघल, गुरुचरन सिंह, राजकुमार अग्रवाल, संजीव आहूजा, आशीष अग्रवाल, कौशलेंद्र गुप्ता सहित रोटी बैंक के सदस्य और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

आज होगा कांग्रेस का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

सीतापुर। कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी की अगुवाई में एक प्रेस कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला सीतापुर में जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन स्थानीय उत्सव गेस्ट हाउस एनसीसी ऑफिस रोड पर होगा। जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी, शहर कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी, जनपद के सभी ब्लॉकों के अध्यक्षगण, समस्त न्याय पंचायतों के अध्यक्षगण, समस्त नगर अध्यक्षगण, शहर के समस्त वार्डों के अध्यक्षगण, फ्रंटल संगठनध् विभाग ध्प्रकोष्ठ के जिला व शहर प्रमुख तथा विशेष आमंत्रित सदस्य समेत जनपद के वरिष्ठ नेता गण प्रशिक्षण शिविर में सम्मिलित होंगे। प्रशिक्षण शिविर में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व सह प्रभारी उत्तर प्रदेश जुबेर खान, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सुहेल अख्तर अंसारी (विधायक), उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव कुमुद गंगवार, महासचिव शिव पांडे, जनपद प्रभारी व प्रदेश सचिव शाहनवाज मंगल भी शिरकत करेंगे। उपरोक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी ने बताया कि यह शिविर एक दिवसीय होगा एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं उत्तर प्रदेश के प्रभारी प्रियंका गांधी की मंशा के अनुरूप कांग्रेस पार्टी ग्राम स्तर पर अपने काडर को प्रशिक्षित कर रही है। इसके उपरांत विधानसभा स्तर पर भी उपरोक्त शिविर का आयोजन जल्द ही किया जाएगा। श्री अवस्थी ने बताया कि कांग्रेस पदाधिकारियों एवं न्याय पंचायत के अध्यक्षों व ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्षों का यह प्रशिक्षण निश्चित तौर पर जिले में कांग्रेस की विचारधारा को स्थापित करते हुए पार्टी के परचम को लहराएगा एवं कांग्रेस के समस्त पदाधिकारी प्रशिक्षण के उपरांत अपने स्तर से कांग्रेस की विचारधारा को और बढ़ाएंगे। प्रशिक्षण शिविर में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की टीम अलग–अलग मुद्दों पर कांग्रेसियों को निखारेगी। श्री अवस्थी ने बताया की कांग्रेस एक विचारधारा है जो समाज के हर वर्ग को एक साथ लेकर समाज को जोडने का काम करती है।

न्यायालय के आदेश पर पांच के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

शिकोहाबाद। न्यायालय के आदेश पर पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है। इसमें पीड़िता ने शिक्षा समिति को फर्जी तरीके से त्याग पत्र और फर्जी शपथपत्र बना कर समिति के प्रबंधक को हटा कर संस्था हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़िता सुनीता देवी पत्नी दरमन सिंह निवासी माधौगंज ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें उसने कहा कि पीड़िता डीआर शिक्षा समिति माधौगंज में सदस्य थी। उसके साथ मुकेश कुमार भी सदस्य थे।

उसके पति दरमन सिंह संस्था में प्रबंधक, सचिव थे और ओपी उक्त संस्था के अध्यक्ष थे। पीड़िता ने आरोप लगाया कि ओपी ने फर्जी त्यागपत्र और शपथ पत्र तैयार कराये। इस पर पीड़िता के स्थान पर प्रियंका का फोटो लगा कर जालसाज एवं कूट रचित दस्तावेज तैयार कर लिया। इसी प्रकार अन्य सदस्यों के स्थान पर फर्जी फोटो और शपथ पत्र लगा कर डीआर शिक्षा समिति को हड़प लिया। जानकारी होने पर पीड़िता ने थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। इसके बाद पीड़िता ने न्यायालय में अर्जी लगाई। न्यायाधीश ने पीड़िता के प्रार्थना पत्र को सही मानते हुए थानाध्यक्ष को सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने के आदेश दिये। इस संबंध में थानाध्यक्ष छत्रपाल सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जिसमें प्रियंका देवी, ओमप्रकाश, सौरभ, भीमसैन और रवि कुमार शामिल हैं। मामले की जांच कर उचित कार्यवाही की जायेगी।

महिलाओं पर अत्याचार बढ़ेः सपा

जौनपुर। समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक जिला कार्यालय हुई । अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष लालबहादुर यादव ने कहा बूथों पर समीक्षा कर ले ,एक बूथ बीस यूथ के साथ वोट बनाने मे लग जाये । पार्टी की सरकार बनाना है तो बूथों को जिताना है इसी तर्ज पर आप कार्यकर्ता नेता घर घर जाकर संपर्क करें समाजवादी पार्टी के कार्यों को बताएं भारतीय जनता पार्टी के गलत नीतियों को बताएं भाजपा सरकार मे गरीब किसान नौजवान बेरोजगार महिलाओं पर अत्याचार बढ़े हैं बलात्कार लूट हत्या बढीं है । उत्तर प्रदेश सरकार विकास के नाम पर शून्य हैं जनता परेशान हो गई है अब चुनाव का इंतजार कर रही है भाजपा जैसी निकम्मी सरकार को हटाकर समाजवादी सरकार लाने के लिए तैयार है । यशवंता यादव, डां0 अवधनाथ पाल, याम बहादुर पाल प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी पूनम मौर्या,दीपचंद राम लाल मोहम्मद रायनी, रमापति यादव,ऋषि यादव, हिसामुद्दीन शाह आदि मौजूद रहे।

रमाशंकर गुप्ता को दिव्यांग प्रकोष्ठ का बृजक्षेत्र संयोजक बनाये जाने पर खुशी

शिकोहाबाद। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रमाशंकर गुप्ता को पार्टी ने नई जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने रमाशंकर गुप्ता को दिव्यांग प्रकोष्ठ का बृज क्षेत्र संयोजक नियुक्त किया है। गुप्ता को बृज क्षेत्र संयोजक बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। उनके प्रतिष्ठान पर शनिवार दोपहर कार्यकर्ताओं ने उनका पुष्प माला पहना कर स्वागत किया।

रमाशंकर गुप्ता इससे पूर्व पार्टी में अहम पदों पर कार्य कर चुके हैं। इससे पूर्व वह जिला संयोजक लघु उद्योग के पद पर थे। उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश संगठन मंत्री व वैश्य एकता परिषद के प्रदेश मंत्री की जिम्मेदारी निभाते हुए जनता के हर सुखदुख में सहभागी रहे। शनिवार को भाजपा कार्यकर्ता और व्यापारियों ने उनके आवास पर गुप्ता का पुष्प माला, शॉल और साफा पहना कर स्वागत किया।

सड़क निर्माण में अवरोध पर प्रदर्शन

जौनपुर(आरएनएस)। मनबढ़ों ने सार्वजनिक सड़क बनाने से रोका तो वार्डवासी प्रदर्शन करते उपजिलाधिकारी कार्यालय व समाधान दिवस पहुंच कर ज्ञापन दिया। केराकत टाउन एरिया क्षेत्र अन्तर्गत मोहल्ला गोलावार्ड में बनी सडक खड़ण्जा लगने के लिए छोड़ी गयी थी उपजिलाधिकारी केराकत के आदेश से खड़ज्जा लगवाया गया जौनपुर केराकत मुख्य सड़क के किनारे से साइफन डाला गया था उसे टूटने के कारण निकालकर नाली को भी पक्की बनवाया गया तथा नाली की टूटी साइफन उसी तरह सड़क पर छोड़ा दिया गया जिससे रास्ता जाम हो गया उसे हटवाने का कार्य किया जा रहा था । मुख्य सड़क से खड़ण्जा लगाकर पीडब्लूडी सीमार्न्तगत जहा मिट्टी आदि रखी गयी थी। वार्डवाशियों के अनुसार उसे हटाने व अधूरा खड़ण्जा लगाने का काम पुनः प्रारम्भ किया जा रहा था कि कस्बा केराकत के जयप्रकाश व हरिनाथ पुत्रगण इन्दर ने निर्माण जबरन रोकवा दिया । सड़क अधूरा होने से इस वक्त रास्ता जाम हो गया है। सभासद इंदु देवी,सभासद कार्यवाहक पंचम राम,पूर्व सभासद सत्यनरायन सेठ,एडवोकेट शारदा प्रसाद,अशोक सिंह,कृष्ण कुमार वर्मा,बल्लू साईं,दुर्गेश सेठ, जीतेंद्र साहू आदि मौजूद रहे।

सम्मानित किए गए शिक्षक

जौनपुर। शिक्षक दिवस के पूर्व संध्या पर गौरव शिक्षा संस्थान धर्मापुर में शिक्षक दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के छात्रों ने अपने अपने क्लास को बड़े ही अच्छे ढंग से सजा कर गुरुजनों को सम्मानित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अध्यापक राजाराम यादव जी को प्रबंधक लालजी यादव ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रबंधक लालजी यादव ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला। समारोह में संजय, मुमताज, नितिन, उषा शर्मा, शशि, अनीता पांडेय, रेनू यादव, नीलम राय, शिवा, सरिता यादव, नुसरत जहां, श्रेजल तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के डायरेक्टर गौरव यादव ने किया।

सपा की मासिक बैठक में विधानसभा चुनाव फतह पर हुई चर्चा

फतेहपुर। समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष विपिन सिंह यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें विधानाभा चुनाव की तैयारियों के क्रम में वोटर लिस्ट में नाम सम्मिलित काराये जाने व बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने के लिए ब्लाक स्तरीय सम्मेलन काराए जाने को लेकर चर्चा की गई। शनिवार को जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष विपिन सिंह यादव की अध्यक्षता में समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें समाजवादी पार्टी की जीत हासिल करने व मिशन 2022 को सफल बनाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को सीएम बनाए जाने के लिए कार्यकर्ताओं से जुट जाने का आह्वान किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विपिन सिंह यादव ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वोटर लिस्ट में नाम बढ़ाने का काम जनपद में हो रहा है। अभियान में पार्टी कार्यकर्ता तन–मन से लगकर अपने अपने क्षेत्र के वोटर लिस्ट से छूटे हुए मतदाताओं का नाम सूची में शामिल कराने के लिए फार्म भरवाने का काम करें। कहा कि मिशन 2022 को सफल बनाने व राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को एक बार फिर से मुख्यमंत्री बनने के लिए सपा कार्यकर्ता जुट जाएं। जनपद में विधानसभा स्तर के कार्यक्रम होने के बाद ब्लाक स्तर के कार्यक्रम किए जाएंगे। जिसकी तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता अपने–अपने बूथों को मजबूत करने के लिए जुट जाएं। जिससे आने वाले 2022 के विधानसभा चुनाव में जनपद की सभी छह विधानसभाओं में पार्टी के प्रत्याशियों को जीत दिलाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को एक बार फिर से प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया जा सके। संचालन डीजी कुशवाहा ने किया। इस मौके पर पूर्व सांसद डा0 अशोक पटेल, पूर्व विधायक मदनगोपाल वर्मा, पूर्व विधायक मो0 सफीर, दलजीत निषाद, नफीस उद्दीन, चन्द्रप्रकाश लोधी, रीता प्रजपति, बाबू सिंह यादव, सुरिजपाल रावत, रामेश्वर दयालू गुप्ता, रहीम राईन कादरी, रईस अहमद, राम किशोर प्रजापति, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, अनिरूद्ध यादव, स्वामी शरण पाल, मतीन अहमद, वीरेन्द्र यादव, शकूर राना, बृजेश सोनी, चौ. मंजर यार, सऊद अहमद, वंदना राकेश शुक्ला, संगीता राज पासी, फहमीदा खान, शकील अकबर, तनवीर अहमद, जिया उद्दीन, परवेज आलम, अमित मौर्य, औवैस फारूकी, राजू साहू, कपिल यादव, देवेन्द्र लोधी, आजम खान, अशोक मौर्य, फूल सिंह मौर्य, राजू लोधी, असलम प्रधान, नितिन यादव पूर्व प्रमुख, प्रमोद कुशवाहा, मो. रिजवान, सचिन यादव, अशोक निर्मल, शेख शमशाद, मो0 अरशद, फैजन मून, यूनुस खान, दिलशाद, डा0 अनिल यादव, फरमानुल हक, पप्पू अहमद, लवलेश सिंह, सरफराज, सत्यम अवस्थी, सुरेन्द्र प्रजापति, रामसजीवन मौर्य, हेमू खान, कुशलपाल भी मौजूद रहे।

पूर्व प्रधान की मौत का आरोपी चालक गिरफ्तार

जौनपुर। तीन दिन पहले ट्रैक्टर से कुचल कर पूर्व प्रधान की हुई मौत के मामले में आरोपित चालक को खेतासराय पुलिस ने आजाद नहर पुलिया से गिरफ्तार किया है। पोरईकला गांव निवासी पूर्व प्रधान राम आसरे राजभर की गुरुवार को गाजीपुर जाते समय भदैला गांव के पास ट्रैक्टर से कुचल कर मौत हो गई थी। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर समेत फरार हो गया था। प्रभारी निरीक्षक राजेश यादव के अनुसार मुखबिर की सूचना पर उप निरीक्षक शान मोहम्मद खान, कांस्टेबल शिवाधार भारती और सतीश कुमार रात्रि साढ़े दस बजे आजाद नहर पुलिया पर पहुंच कर फरार आरोपित मो. जमशेद पुत्र स्व.कमरूद्दीन निवासी ग्राम हाजीरफीपुर थाना शाहगंज को दबोच लिया।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी प्रकाशन एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतीनगर निकट हीरो एजेन्सी, मधुकरपुर, जिला–सिद्धार्थनगर–272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं0– UPHIN/2012/49458
संस्थापकः– स्व0 श्री के.सी. शर्मा | प्रधान सम्पादकः– राजेश शर्मा
8795951917, 9453824459
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय ही मान्य होगा
ई–न्यूज पेपरः– www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

इलेक्ट्रिक कॉफी मग को साफ करने के लिए अपनाएं ये आसान तरीके

इलेक्ट्रिक मग के इस्तेमाल से कहीं भी और कभी भी कॉफी और चाय को आसानी से गर्म किया जा सकता है। आमतौर पर इसे लोग ट्रैवलिंग के समय अपने पास रखते हैं। हालांकि, जब बात इलेक्ट्रिक मग की सफाई की आती है तो कई लोग इसे साधारण बर्तनों की तरह साफ कर लेते हैं, लेकिन ऐसा करने से इलेक्ट्रिक मग खराब हो सकता है। आइए आज हम आपको बताते हैं कि इलेक्ट्रिक मग को कैसे साफ करना चाहिए।

गुनगुने पानी और डिशवॉश लिक्विड का करें इस्तेमाल

इलेक्ट्रिक कॉफी मग की सफाई के लिए आप गुनगुने पानी और डिशवॉश लिक्विड का इस्तेमाल कर सकते हैं। एक कप गुनगुने पानी में थोड़ा सा डिशवॉश लिक्विड अच्छे से मिलाएं, फिर इस मिश्रण को इलेक्ट्रिक कॉफी मग में डालकर कुछ मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद मग को हल्के गर्म पानी से धोएं। ध्यान रखें कि इलेक्ट्रिक कॉफी मग को धोते समय पानी इसकी तार पर न जाए।

क्लोरीन सॉल्यूशन आएगा काम

क्लोरीन सॉल्यूशन की मदद से भी इलेक्ट्रिक कॉफी मग को आसानी से साफ किया जा सकता है। इसके लिए पहले थोड़ा सा क्लोरीन सॉल्यूशन इलेक्ट्रिक कॉफी मग में डालकर 20 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद क्लोरीन सॉल्यूशन निकालकर मग को किसी ब्रश से रगड़े। हालांकि, ध्यान रखें कि ब्रश अधिक हार्श नहीं होना चाहिए क्योंकि उससे मग पर खरोंच लग सकती है। अंत में इसे गुनगुने पानी से धोकर साफ कर लें।

बेकिंग सोडा भी है प्रभावी

अगर कई बार सफाई के बाद भी इलेक्ट्रिक कॉफी मग के अंदर जमी हुई गंदगी साफ नहीं हो रही है तो आपको बेकिंग सोडा का इस्तेमाल करना चाहिए क्योंकि इससे सफाई काफी आसान हो जाता है। इसके लिए इलेक्ट्रिक कॉफी मग में एक छोटी चम्मच बेकिंग सोडा पाउडर और एक बड़ी चम्मच पानी डालकर 15 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अब एक स्पंज से मग के अंदर की सफाई करके इसे पानी से धो लें।

सफेद सिरका करेगा मदद

अगर आप इलेक्ट्रिक कॉफी मग में चाय और कॉफी के साथ–साथ अन्य पेय पदार्थों को भी गर्म करते हैं तो इससे मग से अजीब सी महक आने लगती है और इसे दूर करने के लिए आप सिरके का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए एक बड़ी चम्मच सफेद सिरके को मग में डालें, फिर इसमें पानी भरकर उसे गर्म करें। 10 मिनट बाद पानी को फेंक दें। इससे खराब महक दूर हो जाएगी।

सूरज बडजात्या की फिल्म ऊंचाई में नजर आएंगी परिणीति चोपड़ा

सदी के महानायक अमिताभ बच्चन की फिल्मों का फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं। वह हाल में निर्देशक सूरज बडजात्या की फिल्म ऊंचाई को लेकर चर्चा में रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन सूरज कर रहे हैं। फिल्म में अमिताभ मुख्य भूमिका में दिखने वाले हैं। अब इस फिल्म से जुड़ी एक रोचक जानकारी सामने आ रही है। खबरों की मानें तो फिल्म ऊंचाई में दिग्गज अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा भी अपनी मौजूदगी दर्ज करवाने वाली हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अमिताभ अभिनीत फिल्म ऊंचाई में परिणीति शामिल हो चुकी हैं। एक करीबी सूत्र ने कहा है कि परिणीति को भी इस फिल्म में कास्ट कर लिया गया है। फिल्म में वह एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगी। अनुपम खेर, नीना गुप्ता और बोमन ईरानी भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। अनुपम, बोमन और अमिताभ तीन पुराने दोस्तों की भूमिका में नजर आएंगे। परिणीति और नीना के किरदार के बारे में जानकारी सामने नहीं आई है। एक सूत्र ने कहा, यह सूरज के लिए खास प्रोजेक्ट है, क्योंकि वह तीन पुराने दोस्तों के बीच की कहानी को लेकर आ रहे हैं, जो जीवन में अलग–अलग मुद्दों से निपटते हैं। यह सूरज की टिपिकल फिल्म है, जो फरहान अख्तर की जिंदगी ना मिलेगी दोबारा के तर्ज पर बनाई जा रही है। सूरज ने दिल छू लेने वाली पटकथा लिखी है। सूत्र ने कहा कि अमिताभ और अन्य कलाकारों की उपस्थिति फिल्म के साथ न्याय करती है। इस फिल्म की शूटिंग नेपाल के खूबसूरत लोकेशंस में होगी। खबरों की मानें तो राजश्री प्रोडक्शंस वेंचर 5 अक्टूबर को काठमांडू घाटी में शूटिंग शुरू करने वाली है। काठमांडू और उसके आसपास एक महीने के शेड्यूल की योजना बनाई गई है। इस फिल्म के प्री–प्रोडक्शन की प्रक्रिया चल रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह फिल्म बुढ़ापे में दोस्ती की कहानी के इर्दगिर्द होगी। फिल्म में सूरज के व्यक्तिगत अनुभवों का समावेश भी देखने को मिल सकता है। परिणीति को इस साल कई फिल्मों में देखा जा सकता है। परिणीति हाल में रिलीज हुई फिल्म संदीप और पिंकी फरार में नजर आई हैं। बीते 26 फरवरी को परिणीति की फिल्म द गर्ल ऑन द ट्रेन रिलीज हुई थी। इसके अलावा वह फिल्म एनिमल में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में उनके साथ अनिल कपूर और रणबीर कपूर नजर आएंगे। वह वरुण धवन के साथ फिल्म सनकी में नजर आ सकती हैं।

धीरे–धीरे पुराने फॉर्म में लौटती दिख रहीं शिल्पा शेट्टी

करीब एक महीने के बाद शिल्पा शेट्टी शो पर लौट आईं है और फिर धीरे–धीरे पुराने फॉर्म में लौटती दिख रहीं हैं। बीते मंडे को शिल्पा को डांसिंग रिएलिटी शो के सेट पर स्पॉट किया गया।ऑरेज कलर की साड़ी में एक्ट्रेस बेहद गॉर्जियस नजर आ रहीं थीं.शिल्पा शेट्टी ने ऑरेज कलर की साड़ी के साथ गोल्डन एसेसरीज के साथ अपने स्टाइल को कंपलीट किया था।

इसके अलावा श्सुपर डांसर चौप्टर 4च के सेट पर रवीना टंडन भी स्पॉट की गईं।रवीना शो के अपकमिंग एपिसोड में गेस्ट जज के रुप में नजर आएंगी।रवीना ब्लैक कलर–गोल्डन की साड़ी में नजर आईं।शिल्पा शेट्टी और रवीना टंडन दोनों ही खूबसूरत साड़ी में बेहद गॉर्जियस नजर आईं।शिल्पा ने गोल्डन कलर का झुमका और ब्रेसलेट और गोल्डन कलर की ही सैंडिल पहनी दिख रहीं।

साथ ही अपनी हेयरस्टाइल को सॉफ्ट वेव्स में रखा था, और मामूली मेकअप में गजब की खूबसूरत नजर आ रहीं हैं. वहीं मस्त–मस्त गर्ल रवीना टंडन भी ब्लैक–गोल्डन और सिल्वर साड़ी में मामूली मेकअप में बला की खूबसूरत दिख रही हैं.शिल्पा शेट्टी और रवीना टंडन दोनों ने ही पैपराजी को देखकर स्माइल देते हुए पोज दिया। बता दें कि 19 जुलाई को जब राज कुंद्रा को गिरफ्तार किया गया था तो उसके दो दिन बाद शिल्पा शेट्टी श्सुपर डांसर चौप्टर 4च की शूटिंग करने वाली थीं।जब पता चला कि वो शूटिंग पर नहीं आएंगी तो शो मेकर्स ने उनकी जगह रवीना टंडन को लेने का मन बनाया था। खबरों की माने तो जब मेकर्स ने रवीना को एप्रोच किया था तो उन्होंने शो में शिल्पा को रिप्लेस करने से इनकार कर दिया था।रवीना ने कहा था कि शो शिल्पा का ही रहेगा और वह चाहेंगी कि वही शो की जज रहें। बता दें कि श्सुपर डांसर चौप्टर 4च को लंबे समय से जज कर रहीं शिल्पा शेट्टी के हस्बैंड राज कुंद्रा जब पोर्न फिल्म मामले में गिरफ्तार हुए तो एक्ट्रेस ने शो से दूरी बना ली थी।

हीरा मंडी में रेखा की जगह ऐश्वर्या राय को कास्ट कर सकते हैं भंसाली

संजय लीला भंसाली फिल्म जगत के लोकप्रिय निर्देशक हैं। वह अपनी बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज हीरा मंडी को लेकर चर्चा में हैं। फिलहाल इस प्रोजेक्ट की कास्टिंग की प्रक्रिया चल रही है। कुछ समय पहले जानकारी सामने आई थी कि सीरीज में भंसाली सदाबहार अभिनेत्री रेखा को शामिल कर सकते हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि भंसाली हीरा मंडी में रेखा की जगह ऐश्वर्या राय को कास्ट करने का मन बना रहे हैं।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सीरीज हीरा मंडी में रेखा की जगह ऐश्वर्या को चुना जा सकता है। एक सूत्र ने बताया, यह वही भूमिका है जिसके लिए रेखा के नाम पर विचार किया जा रहा था। ऐसा माना जाता है कि रेखा का पिछले कुछ वर्षों में निर्देशक के साथ काम करना मुश्किल हो गया है। रेखा को साइन करने का भंसाली का उत्साह फिल्म फितूर के निर्माण के दौरान खत्म हो गया था।

सूत्र ने आगे बताया कि फितूर के निर्माण के दौरान निर्देशक अभिषेक कपूर के साथ रेखा के व्यवहार से भंसाली काफी असहज हो गए थे। इसके बाद रातों–रात रेखा को फिल्म से हटा दिया गया था और उनके स्थान पर तब्बू को चुना गया था। सूत्र ने कहा, ऐसी समस्याओं का सामना करने के बजाय भंसाली ने हीरा मंडी में रेखा को कास्ट करने का विचार छोड़ दिया है। उनके स्थान पर ऐश्वर्या को चुना जा सकता है।

ऐश्वर्या को भंसाली का पसंदीदा अभिनेत्री माना जाता है। इससे पहले ऐश्वर्या और भंसाली ने हम दिल दे चुके सनम, देवदास और गुजारिश जैसी फिल्मों में साथ काम किया है। हालांकि, इस प्रोजेक्ट में ऐश्वर्या की कास्टिंग को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ऐश्वर्या तमिल के अपने पसंदीदा फिल्ममेकर मणिरत्नम के साथ एक प्रोजेक्ट पर काम कर रही हैं। यह प्रोजेक्ट लगभग पूरा होने वाला है।

हीरा मंडी में हुमा कुरैशी और सोनाक्षी सिन्हा सेक्स वर्कर की भूमिका में दिखेंगी। सोनाक्षी ने फिल्म के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। सीरीज में वह मुजरा करती हुईं नजर आ सकती हैं। सीरीज भारत–पाकिस्तान विभाजन के दौरान वेश्याओं और उनके अमीर ग्राहकों के जीवन के इर्दगिर्द घूमती है। कई पुरुष अभिनेता भी इसमें मुख्य भूमिकाओं में दिखेंगे। हाल में हीरा मंडी के पहले सीजन के लिए नेटफिलक्स ने 35 करोड़ रुपये चुकाए हैं।

ऐश्वर्या के पास आने वाले दिनों में डेट्स उपलब्ध होंगे, इसलिए प्रोजेक्ट में उनके शामिल होने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। ऐश्वर्या ने 19 जुलाई को आधिकारिक तौर पर अपने आगामी प्रोजेक्ट पोन्नियिन सेल्वन की घोषणा कर दी थी। इस फिल्म का निर्देशन ही मणिरत्नम कर रहे हैं, जिसकी शूटिंग लगभग पूरी हो चुकी है। फिल्म के साथ ऐश्वर्या चार साल बाद फिल्म इंडस्ट्री में अपनी वापसी करेंगी। फिल्म कल्कि कृष्णमूर्ति की 1995 में आई उपन्यास पर आधारित है।

गणेश चतुर्थी के मौके पर इस तरह से सजाएं अपना घर, लगेगा बेहद खूबसूरत

कुछ ही दिनों में गणेश चतुर्थी का आगाज होने ही वाला है और कई लोग इस दिन अपने घरों में 10 दिन तक भगवान गणपति की स्थापना करके पूरे श्रद्धा भाव से उनकी पूजा अर्चना करते हैं। वहीं, गणपती के स्थापना से पहले अपने घर को तरह–तरह से सजाते हैं। ऐसे में अगर आप इस बार गणेश चतुर्थी के लिए अपने घर को एक आकर्षक त्योहार वाला लुक देना चाहते हैं तो ये टिप्स आपके बड़े काम आ सकती हैं।

बन्दनवार से सजाएं घर का मुख्य प्रवेश द्वारः गणेश चतुर्थी के लिए घर की दीवारों को सजाने से पहले इसके मुख्य द्वार को सजाना जरूरी है क्योंकि घर में प्रवेश करते समय सबसे पहले इसी पर ध्यान जाता है। आप चाहें तो घर के मुख्य प्रवेश द्वार को बन्दनवार से सजा सकते हैं। यूं तो आपको मार्केट में कई तरह के बन्दनवार मिल जाएंगे, लेकिन इस शुभ अवसर पर आप खुद आम की पत्तियों और कलावे से एक बन्दनवार बनाकर मुख्य द्वार पर लगाएं।

रंग–बिरंगे फूलों से करें सजावटः त्योहार भले ही कोई भी हो, फूलों का इस्तेमाल करके घर को सजाया जा सकता है। हालांकि, ध्यान रखें कि फूल असली होने चाहिए आर्टिफिशियल नहीं क्योंकि असली फूलों से घर को बहुत ही खूबसूरत लुक मिलता है। गणेश चतुर्थी के त्यौहार के लिए आपको छोटे आकार के रंग–बिरंगे फूलों से अपने घर को सजाना चाहिए। आप घर के सभी कमरों के किनारों, दीवारों और दरवाजों को फूलों से सजा सकते हैं। पेपर क्राफ्ट है अच्छा तरीकाः अगर आपका सोचना यह है कि फूलों से तो हर कोई सजावट करता है और आपको इससे हटके कुछ अलग करना चाहिए तो पेपर क्राफ्ट एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। पेपर क्राफ्ट से भी घर की दीवारों की खूबसूरती बढ़ाई जा सकती है। इसके लिए आप कलरफुल पेपर्स से डिजाइन बना सकते हैं या फिर घर की दीवारों पर पेपर की रंगीन लडियां भी लगा सकते हैं। यकीनन मानिए इससे भी घर की दीवारें खिल उठेंगी। रंगोली बनाएंः रंगोली की मदद से आप अपने घर को विशेष रूप से गणेश चतुर्थी के दौरान आकर्षण का केंद्र बना सकते हैं। इसके लिए बस ऑनलाइन रिसर्च करके अच्छे रंगोली के डिजाइन्स खोजें और फिर का इस्तेमाल करके अपने पसंदीदा रंगोली के डिजाइन की रूपरेखा तैयार करें। फिर इसे भरने के लिए रंगों का इस्तेमाल करें। अगर आपको ऐसा करने में कोई परेशानी हो रही है तो मार्केट से तैयार रंगोली स्टैंसिल खरीदकर उनकी मदद से रंगोली बनाएं।